# ह्युमन पेपिलोमा वायरस (एच पी वी) का टीका

Human papillomavirus (HPV)

## माता-पिता के लिए जानकारी पत्र

**एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य), नेशनल हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च कौंसिल (राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय शोध परिषद्) द्वारा युवाओं के लिए संस्तुत किए गए टीके विद्यालय से जुड़े टीके लगाने के एक कार्यक्रम के द्वारा प्रदान करती है। माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसकी सहमति देने के लिए हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।**

आपके द्वारा लिए जाने वाले अगले क़दम:

- इस जानकारी पत्र को ध्यान से पढ़ें
- यदि आप अपने बच्चे को ह्युमन पेपिलोमा वायरस (एच पी वी) का टीका लगवाना चाहते हैं तो कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) में जानकारी भरें और हस्ताक्षर करके कंसेंट फ़ॉर्म अपने बच्चे को विद्यालय को वापस करने के लिए दे दें।
- यदि आप अपने बच्चे को एच पी वी का टीका नहीं लगवाना चाहते तो अपनी सहमति न दें।

### प्रश्न: एच पी वी क्या है और ये कैसे फैलता है?

ह्युमन पेपिलोमा वायरस (एच पी वी) एक आम वायरस (विषाणु) है जो पुरुषों और स्त्रियों, दोनों को नुक़सान पहुँचा सकता है। एच पी वी के वायरस से पीड़ित किसी व्यक्ति के साथ यौन संबंध होने पर यह जननांगों के संपर्क से फैलता है। यह वायरस त्वचा के बहुत ही छोटे कटावों से निकल कर शरीर में पहुँचता है न कि रक्त या शरीर के अन्य तरल पदार्थों के द्वारा। कंडोम से केवल सीमित सुरक्षा ही मिलती है क्योंकि वह जननांगों की पूरी त्वचा को नहीं ढकता है।

यह आवश्यक नहीं है कि हर प्रकार के एच पी वी के कोई लक्षण दिखाई दें। अनेक लोगों को एच पी वी का संक्रमण होता है पर उन्हें इसका आभास नहीं होता।

एच पी वी की कुछ क़िस्मों से शरीर के किसी भी भाग पर मस्से हो सकते हैं। इसमें जननांगों का क्षेत्र (भग, योनि, गर्भाशय-ग्रीवा, शिश्न, अंडकोष, गुदा, और जननांगों और गुदा के बीच का क्षेत्र) शामिल है। आम तौर पर मस्सों में दर्द नहीं होता, लेकिन कभी-कभी उनमें खुजली या परेशानी हो सकती है। एच पी वी की जिन क़िस्मों से मस्से होते हैं, उन्हें 'कम ख़तरनाक' कहा जाता है क्योंकि उनका संबंध कैंसर से नहीं होता।

एच पी वी की अन्य क़िस्में 'अधिक ख़तरनाक' कही जाती हैं क्योंकि उनसे कैंसर होने से पूर्व की कोशिकाओं में वृद्धि होनी आरंभ हो सकती है। यदि इन कोशिकाओं का इलाज न किया जाए तो वे कैंसर में परिवर्तित हो सकती हैं।

'अधिक ख़तरनाक' एच पी वी, विश्व में होने वाले सभी कैंसरों में से 5% के लिए ज़िम्मेदार होते है, इनमें शामिल हैं:

- लगभग सभी तरह के सर्विकल (स्त्रियों के जननांगों के) कैंसर
- 90% गुदा के कैंसर
- 78% योनि के कैंसर
- 60% ओरोफेरेंजिअल कैंसर (जीभ, टॉन्सिल (गलतुण्डिका) और गले के पिछले भाग के कैंसर)
- 25% भग के कैंसर
- 50% शिश्न के कैंसर

पुरुषों को टीके लगाने से पुरुषों के कैंसरों और जननांगों के मस्सों को रोका जा सकेगा और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इससे स्त्रियों को सर्विकल कैंसर से बचाने में भी सहायता मिलेगी।

### प्रश्न: टीकों की दवाएँ किस तरह काम करती हैं?

टीकों की दवाएँ शरीर के प्रतिरक्षण तंत्र को कुछ तरह के संक्रमणों से लड़ने के लिए प्रेरित करने का काम करती हैं। यदि प्रतिरक्षित व्यक्ति का इन संक्रमणों से संपर्क होता है तो उसका प्रतिरक्षण तंत्र अधिक प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया करता है जिससे बीमारी नहीं होती या उसकी तीक्ष्णता बहुत कम हो जाती है।

### प्रश्न: टीके लगाने के लिए कौन सी दवा इस्तेमाल की जाएगी?

एच पी वी की एक दवा जो 9 तरह के एच पी वी संक्रमणों से बचाती है (6, 11, 16, 18, 31, 33, 45, 52 और 58)।

### प्रश्न: मेरे बच्चे को एच पी वी की कितनी ख़ुराकों की आवश्यकता होगी?

अंतर्राष्ट्रीय शोध से पता चला है कि एच पी वी के किसी एक टीके से भी उतनी ही सुरक्षा मिलती है जितनी दो टीकों के कोर्स से। इस प्रमाण के आधार पर टीके लगाए जाने के ऑस्ट्रेलियाई तकनीकी सलाहकार समूह (ATAGI) ने यह सिफ़ारिश की थी कि ऑस्ट्रेलिया 2023 से एच पी वी का केवल एक टीका लगाने के बदलाव को कार्यान्वित करे।

कुछ किशोरों का प्रतिरक्षण तंत्र बहुत कमज़ोर हो सकता है, उनके लिए एच पी वी के तीन टीके लगवाने की सिफ़ारिश की जाती है। तीन टीकों के कार्यक्रम के अंतर्गत टीके की ख़ुराक 1 और ख़ुराक 2 के बीच 2 माह का अंतराल होना चाहिए और ख़ुराक 2 और ख़ुराक 3 के बीच 4 माह का।

बहुत कमज़ोर प्रतिरक्षण तंत्र वाले लोगों की परिभाषा में वे सब आते हैं जिन्हें:

- परिरक्षण तंत्र की प्राइमरी या सेकेंडरी कमियाँ (बी लिम्फोसाइट एंटीबॉडी और टी लिम्फोसाइट की एकदम या कुछ कमी) हैं
- एच आई वी संक्रमण है

- कैंसर है
- जिनके किसी अंग का ट्रांसप्लांट हुआ है
- ऑटोइम्यून बीमारी है
- जिनकी बड़े स्तर पर इम्यूनोसप्रेसिव थेरेपी चल रही है (इसमें एस्प्लेनिया या हाइपोस्प्लेनिया शामिल नहीं हैं)।

### प्रश्न: जिन किशोरों को पहले ही एक टीका लग चुका है, उनका क्या होगा?

जिन विद्यार्थियों को पहले ही एच पी वी का एक टीका लग चुका है, उन्हें दूसरा टीका लगवाने की आवश्यकता अब नहीं है। ऐसा माना जाएगा कि वे अप टु डेट हैं और उनके पूरे टीके लग चुके हैं।

**टीके लगवाने के बाद भी स्त्रियों के लिए नियमित रूप से सर्विकल स्क्रीनिंग (इसे पहले पैप स्मीअर टेस्ट कहते थे) करवाना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि एच पी वी के टीके की दवा उन सभी तरह के एच पी वी संक्रमणों से नहीं बचाती जो सर्विकल कैंसर कर सकते हैं।**

**25 वर्ष की आयु की होने के बाद उन सभी स्त्रियों को हर 5 वर्ष बाद सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट करवाना चाहिए जिन्होंने कभी भी मैथुन किया हो, चाहे उन्हें एच पी वी के टीके लगे हों या नहीं।**

### प्रश्न: टीका किसे लगवाना चाहिए?

वर्ष 7 के सभी विद्यार्थियों और इंटेंसिव इंग्लिश सेंटर के उन सभी विद्यार्थियों को जिनकी आयु 12 वर्ष या इससे अधिक है, एच पी वी का एक टीका लगवाना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए अपनी स्थानीय पब्लिक हेल्थ से 1300 066 055 पर संपर्क करें।

### प्रश्न: टीका किसे नहीं लगाया जाना चाहिए?

एच पी वी का टीका इन लोगों को नहीं लगाना चाहिए:

- जो गर्भवती हों या जिनके गर्भवती होने की संभावना हो
- जिन्हें पहले इस टीके की दवा देने से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हो चुकी हो
- जिन्हें कभी पहले टीके की दवा के किसी अवयव से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हो चुकी हो (इनकी जानकारी नीचे दी गई है)
- जिन्हें पहले यीस्ट (खमीर) से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हो चुकी हो

### प्रश्न: टीके की दवा कितनी प्रभावशाली है?

यह दवा अधिक होने वाले एच पी वी के उन संक्रमणों से बचाती है जो स्त्रियों में 90 प्रतिशत से अधिक सर्विकल कैंसर के ज़िम्मेदार हैं, और इसके अलावा अन्य तरह के एच पी वी के संक्रमणों से भी बचाती है जो पुरुषों में कैंसर के ज़िम्मेदार हैं।

नवीनतम अनुसंधान से पता चला है कि अभी भी यह टीका लगाए जाने के 10 से भी अधिक वर्ष बाद तक लगभग 100% सुरक्षा प्रदान करता है। एच पी वी के टीके लगाने के राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत (लड़कियों के लिए 2007 में और लड़कों के लिए 2013 में) के बाद निम्नलिखित बातें हुई हैं:

- टीका लगवाने के पात्र आयु समूहों में गर्भाशय-ग्रीवा की ख़तरनाक असामान्यताओं में लगभग 50% की कमी
- युवाओं (21 वर्ष से कम) में जननांगों के मस्सों में 90% की कमी।

क्योंकि आम तौर पर गर्भाशय के कैंसर को विकसित होने में 10 या इससे अधिक वर्ष लगते हैं, गर्भाशय के कैंसर को कम करने में इस दवा की भूमिका की जानकारी मिलने में कुछ और समय लगेगा।

सन 1991 में नेशनल सर्वाइकल स्क्रीनिंग प्रोग्राम की शुरुआत और 2007 में राष्ट्रीय ह्यूमन पेपीलोमा वायरस (एच पी वी) के टीके लगाने के कार्यक्रम की शुरुआत के बाद गर्भाशय-ग्रीवा के कैंसर की संख्या में अत्यधिक कमी आई है।

### प्रश्न: यदि मैं अपने बच्चे के थोड़ा बड़ा होने के बाद टीके लगवाना चाहूँ तो?

एच पी वी का टीका सर्वाधिक प्रभावी तभी होता है जब उसे किशोरों को यौन संबंध स्थापित करना शुरू करने से पहले लगाया जाता है। विद्यालय में टीके तभी लगाए जाएँगे यदि आपका बच्चा उस विद्यालय में पढ़ता है और आपने कंसेंट फ़ॉर्म भर कर उसकी मूल प्रति लौटा दी है। यदि आप अपने बच्चे के बड़ी उम्र का होने पर टीके लगवाने का चुनाव करते हैं तो आपको अपने जी पी या टीका लगाने वाले फ़ार्मासिस्ट से टीका लगवाना  होगा।

यदि टीका किसी जी पी या फ़ार्मासिस्ट द्वारा लगाया जाता है तो टीके की दवा नि:शुल्क होगी लेकिन वे आपसे मिलने का कोई शुल्क ले सकते हैं।

### प्रश्न: एच पी वी के टीके की दवा में क्या-क्या मिला हुआ होता है?

टीके की दवा में यीस्ट, एल्युमीनियम अद्जुवंत, नमक, एल-हिस्टीडाईन, पोलिज़ोर्बेट और सोडियम बोरेट मिले हुए हैं। ये एड्डीटिव दवा को अपना काम करने में सहायता देने या परिरक्षक के रूप में बहुत कम मात्रा में दवा में मिलाए जाते हैं।

### प्रश्न: टीके की दवा कितनी सुरक्षित है?

ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल की जाने वाली टीकों की दवाएँ सुरक्षित हैं और इस्तेमाल के लिए अनुमोदित किए जाने से पहले उन्हें दि थिरैपियूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन (रोगहर वस्तुओं के व्यवस्थापक – टी जी ए) के कठोर सुरक्षा परीक्षणों पर खरा उतरना पड़ता है। इसके अलावा जब दवाएँ इस्तेमाल होने लगती हैं तो टी जी ए उनकी सुरक्षा पर नज़र रखता है।

### प्रश्न: दवा के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

दुष्प्रभाव साधारणतया हल्के होते हैं और आम तौर पर इनमें टीका लगाने के स्थान पर दर्द, सूजन तथा लाली आना शामिल हैं। गंभीर दुष्प्रभाव बहुत विरले ही देखने में आते हैं। एच पी वी का टीका लगाने के बाद के दिनों में एन एस डब्ल्यू के जिन माता-पिताओं से इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी ली गई थी, उन्होंने बताया कि 11% से कम विद्यार्थियों को हल्के दुष्प्रभाव हुए थे जबकि केवल 0.5% को चिकित्सीय सहायता की आवश्यकता पड़ी थी। इस टीके की दवा के दुष्प्रभावों के बारे में और अधिक जानकारी www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर कंज़्यूमर मेडिसिन इनफ़ॉर्मेशन (उपभोक्ताओं के लिए चिकित्सीय दवाओं से संबंधित जानकारी – सी एम आई) के अंतर्गत उपलब्ध है। यदि टीका लगाने के बाद माता-पिता को इन दुष्प्रभावों के कारण कोई चिंता है तो उन्हें अपने जी पी (सामान्य चिकित्सक) से संपर्क करना चाहिए जो पब्लिक हेल्थ (सार्वजनिक स्वास्थ्य) यूनिट को भी इसकी रिपोर्ट भेजेगा।

**प्रश्न: एनाफिलेक्सिस (तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया) क्या है?**

एनाफिलेक्सिस एलर्जी (प्रत्यूर्जता) की एक तीव्र प्रतिक्रिया है जिसका इलाज़ न किये जाने पर बेहोशी या मृत्यु हो सकती है। टीका लगाने पर ऐसा विरले ही होता है। विद्यालयों में टीका लगाने वाली नर्सें (परिचारिकाएँ) एनाफिलेक्सिस का उपचार करने में पूर्णतया प्रशिक्षित होती हैं।

**प्रश्न: क्या मेरी बेटी को फिर भी सर्वाइकल स्क्रीनिंग करवानी होगी?**

जी हाँ। टीके लगवाने के बाद भी स्त्रियों के लिए नियमित रूप से सर्विकल स्क्रीनिंग (इसे पहले पैप स्मीअर टेस्ट कहते थे) करवाना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि एच पी वी के टीके की दवा उन सभी तरह के एच पी वी संक्रमणों से नहीं बचाती जो सर्विकल कैंसर कर सकते हैं।

25 वर्ष की आयु की होने के बाद उन सभी स्त्रियों को हर 5 वर्ष बाद सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट करवाना चाहिए जिन्होंने कभी भी मैथुन किया हो, चाहे उन्हें एच पी वी के टीके लगे हों या नहीं।

**प्रश्न: यदि मेरे बच्चे को दमा है और उसे एक “पफ्फर” के द्वारा कोर्टीसोन या प्रैदनीसोन लेनी होती है तो?**

यदि किसी व्यक्ति को दमा है तो चाहे वह दोनों में से कोई भी दवा ले रहा हो, उसे टीका लगाना सुरक्षित होगा।

**प्रश्न: टीका लगाने के लिए सहमति कौन दे सकता है और क्या सहमति वापस ली जा सकती है?**

18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को टीका लगाने की सहमति केवल उनके माता-पिता/अभिभावक दे सकते हैं। 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विद्यार्थी स्वयं को टीका लगाने की सहमति दे सकते हैं और उन्हें कंसेंट (सहमति का) फ़ॉर्म भर कर जहाँ ‘पैरेंट/गार्डियन’ लिखा है, वहाँ हस्ताक्षर करने होंगे। सहमति कभी भी वापस ली जा सकती है। इसके लिए विद्यालय को सहमति वापस लेने की लिखित सूचना दें या विद्यालय को टेलीफ़ोन करें।

**प्रश्न: क्या उस छात्रा को टीका लगाया जाना चाहिए जो गर्भवती है या जिसे गर्भवती होने की आशंका है?**

जी नहीं। कोई भी छात्रा जो गर्भवती है, या जिसे गर्भवती होने की आशंका है, उसे टीका नहीं लगाया जाना चाहिए। टीका लगाए जाने के दिन टीका लगाने वाली नर्स छात्राओं से पूछेगी कि क्या वे गर्भवती हैं, या उन्हें गर्भवती होने की आशंका है।

यदि कोई छात्रा इसका जवाब हाँ में देती है तो उसे टीका नहीं लगाया जाएगा। उस छात्रा से यह आग्रह किया जाएगा कि वह अपने माता-पिता/अभिभावक से इसके बारे में शीघ्र चर्चा करे, और चिकित्सीय सहायता प्राप्त करे। उसे एक ऐसी स्वास्थ्य संदर्भ सेवा के संपर्क की जानकारी दी जाएगी जो उसे सलाह और सहायता देगी और उसका मार्गदर्शन करेगी।

**प्रश्न: जिस दिन नर्सें विद्यालय में आईं, मेरा बच्चा बीमार या अनुपस्थित था, इसलिए उसे टीका नहीं लगा, तो अब मुझे क्या करना चाहिए?**

यदि विद्यालय में एच पी वी का टीका नहीं लग पाता है तो जितनी जल्दी संभव हो कैच-अप टीका लगवा लें। कुछ विद्यालयों में कैच-अप क्लीनिक लगाए जाते हैं, नहीं तो माता-पिता को अपने स्थानीय जी पी या फ़ार्मासिस्ट से टीका लगवाने के लिए संपर्क करना होगा।

**प्रश्न: मुझे टीका लगाए जाने का रिकॉर्ड किस तरह से मिल सकता है?**

आपके बच्चे को लगाए गए टीकों की जानकारी ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे के टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके।

माता-पिता अपने बच्चे की ए आई आर इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने का अनुरोध, बच्चे के 14 वर्ष की आयु का होने से पहले, कभी भी कर सकते हैं, और 14 वर्ष या इससे अधिक आयु के छात्र अपनी इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं:

- अपने मेडीकेयर ऑनलाइन अकाउंट द्वारा my.gov.au/पर जाकर
- मेडीकेयर एक्सप्रेस प्लस एप के द्वारा www.servicesaustralia.gov.au/express-plus-mobile-apps पर
- ए आई आर की जनरल इन्क्वायरी लाइन 1800 653 809 पर फ़ोन करके।

**प्रश्न: मेरे बच्चे के बारे में जो जानकारी है, उसका क्या होगा?**

टीके के कंसेंट (सहमति के) फ़ॉर्म पर आप जो जानकारी देते हैं, उस पर न्यू साउथ वेल्स और कॉमनवेल्थ के गोपनीयता के कानूनों के अंतर्गत सख्त संरक्षण लागू होते हैं (गोपनता के बारे में संलग्न बयान – प्राइवेसी स्टेटमेंट – देखें)।

यह जानकारी एन एस डब्ल्यू हेल्थ के एक इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर में दर्ज की जाएगी और फिर ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे की टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके और उसे MyGov पर देखा जा सके।

वे छात्राएँ, जिन्हें एच पी वी का टीका लग रहा है – कंसेंट फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करके, आप इस बात की सहमति दे रहे हैं कि आपके बच्चे की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भविष्य में नेशनल सर्विकल स्क्रीनिंग प्रोग्राम रजिस्टर में शामिल करने के लिए प्रदान की जा सकती है।

**प्रश्न: विद्यालय में टीके लगाए जाने के बारे में अधिक जानकारी मुझे कहाँ से मिल सकती है?**

अधिक जानकारी उपलब्ध है :

- एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य) की वेबसाइट www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर जाकर
- आपकी स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट (सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई) से 1300 066 055 पर संपर्क करके

# Human papillomavirus (HPV) vaccine
# Parent Information Sheet

October 2023 © NSW Health. SHPN (HP NSW) 230689-1-19

## टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीके की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीका लगाए जाने की तिथि बता दें।

## यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT


## टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीके की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीका लगाए जाने की तिथि बता दें।

## यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT


220730-2-9

Hindi

# एच पी वी का टीका लगाने की सहमति

NSW GOVERNMENT

माता-पिता / अभिभावक द्वारा भरा जाए। कृपया **काले** अथवा **नीले** पेन से **अंग्रेजी के बड़े अक्षरों** में भरें।

### 1. विद्यार्थी की जानकारी

कुलनाम

व्यक्तिगत नाम

जन्म तिथि ☐☐ / ☐☐ / 2 0 ☐☐

लिंग ☐ पुरुष ☐ स्त्री ☐ अनिश्चित/इंटरसेक्स/बताया नहीं

ग्रेड

विद्यालय का नाम

मेडिकेयर नंबर

☐ मेडिकेयर कार्ड पर आपके बच्चे के नाम के आगे लिखा हुआ नंबर

### 2. मूल निवासी होने की हैसियत

☐ नहीं ☐ हाँ, एबोरिजिनल (आदिवासी) ☐ हाँ, टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर ☐ हाँ, एबोरिजिनल तथा टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर, दोनों

### 3. आपका विवरण – माता-पिता या कानूनी अभिभावक

मैंने एच पी वी के टीके के लाभों और संभावित दुष्प्रभावों के बारे में दी गई जानकारी पढ़ और समझ ली है।

मैं एतद द्वारा अपने बच्चे को, जिसका नाम ऊपर लिखा है, टीके की एक ख़ुराक का कोर्स देने की सहमति देता/देती हूँ, और मेरे बच्चे की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को भविष्य में नेशनल सर्वाइकल स्क्रीनिंग प्रोग्राम रजिस्टर से लिंक करने के लिए प्रकट करने की सहमति देता/देती हूँ।

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मुझे जो जानकारी ज्ञात है, उसके आधार पर मेरे बच्चे को:

1. टीका लगवाने पर कभी तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया नहीं हुई।
2. संलग्न पेरेंट इन्फोर्मेशन शीट (माता-पिता के लिए जानकारी पत्र) में दिए गए टीके के अवयवों के प्रति तीव्रग्राहिता संवेदनशीलता नहीं है।
3. वह गर्भवती नहीं है।

माता-पिता/अभिभावक का नाम (जैसे कि JOHN SMITH)

घर का पता (जैसे कि 5 SMITH LANE)

सबर्ब (शहर)

पोस्टकोड

मोबाइल फ़ोन नंबर

संपर्क के लिए दूसरा नंबर (एरिया कोड भी लिखें,जैसे कि 02)

माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर

✕

तिथि ☐☐ / ☐☐ / 2 0 ☐☐

## एच पी वी के टीके का रिकॉर्ड

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

### कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

पहली ख़ुराक

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर

✕

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

**परिचारिका की टिप्पणियाँ**

टीका न लगाए जाने का कारण

- ☐ अनुपस्थित
- ☐ अस्वीकार करना
- ☐ बीमार
- ☐ हस्ताक्षर न होना
- ☐ स्वीकृति वापस लेना
- ☐ अन्य

## **माता-पिता/अभिभावक के लिए** एच पी वी के टीके का रिकॉर्ड

एच पी वी के टीके का रिकॉर्ड

पहली ख़ुराक

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

### कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर

✕

तिथि __ __ / __ __ / __ __ __ __

# डिफ़्थीरिया (कंठ रोग), टिटेनस और पर्टुसिस (काली खाँसी) (डी टी पी ए) का टीका

Diphtheria, tetanus and pertussis (dTpa) vaccine

एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य), नेशनल हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च कौंसिल (राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय शोध परिषद्) द्वारा युवाओं के लिए संस्तुत किए गए टीके विद्यालय से जुड़े टीके लगाने के एक कार्यक्रम के द्वारा प्रदान करती है। माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसकी सहमति देने के लिए हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

### आपको ये कदम उठाने होंगे

- कृपया इस जानकारी-पत्र को ध्यान से पढ़ें।
- यदि आप अपने बच्चे को डिफ़्थीरिया, टिटेनस और पर्टुसिस का टीका लगवाना चाहते हैं तो कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) में जानकारी भरें और हस्ताक्षर करके कंसेंट फ़ॉर्म अपने बच्चे को विद्यालय को वापस करने के लिए दे दें।
- यदि आप अपने बच्चे को डिफ़्थीरिया, टिटेनस और पर्टुसिस का टीका **नहीं** लगवाना चाहते तो कंसेंट फ़ॉर्म को **न** भरें और **न** ही उसे वापस भेजें।

## प्रश्न: डिफ़्थीरिया (कंठ रोग), टिटेनस और पर्टुसिस (काली खाँसी) क्या हैं?

**डिफ़्थीरिया** जीवाणुओं से संक्रमित होने वाली एक जीवनघाती छूत की बीमारी है जिसमें साँस लेने में अत्यधिक कठिनाई होती है, हृदय की गति रुक जाती है और तंत्रिकाओं को नुक़सान पहुँचता है।

**टिटेनस** स्नायु तंत्र की एक गंभीर बीमारी है जो अक्सर घातक होती है। व्यक्ति को मांसपेशियों में ऐंठन के साथ तीव्र दर्द होता है, मरोड़ उठते हैं और हनुस्तंभ (जबड़ा न हिल पाना) हो जाता है। इससे होने वाली जटिल समस्याओं में निमोनिया, हड्डियों का टूटना (मांसपेशियों की ऐंठन के कारण), सांस लेना बंद होना और हृदय की गति रुक जाना शामिल हैं।

**पर्टुसिस** (काली खाँसी) जीवाणुओं से फैलने वाली एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है जिसमें खाँसी के दौरे पड़ते हैं। किशोरों और वयस्कों को एक खिझाने वाली खाँसी 3 माह तक रह सकती है। खाँसी के तीव्र दौरों से उल्टी, पसलियों में विभंग (हड्डी टूटना), छोटी रक्तवाहिनियों का फूटना और हर्निया (आँत उतरना) हो सकते हैं। शिशुओं में होने वाली जटिल समस्याओं में निमोनिया, दौरे पड़ना और मस्तिष्क को क्षति (हाइपोक्सिक एन्सेफलोपैथी) शामिल हैं।

## प्रश्न: डिफ़्थीरिया, टिटेनस और पर्टुसिस कैसे फैलते हैं?

**डिफ़्थीरिया** के जीवाणु संक्रमित व्यक्तियों के मुँह, नाक, गले में अथवा त्वचा पर जीवित रह सकते हैं। किसी संक्रमित व्यक्ति के खाँसने अथवा छींकने के बाद ये जीवाणु उसी हवा में साँस लेने वाले व्यक्तियों में डिफ़्थीरिया फैला देते हैं, या संक्रमित व्यक्ति के मुँह, नाक, गले अथवा त्वचा से विसर्जित पदार्थों को छूने अथवा उनके संपर्क में आने से भी डिफ़्थीरिया हो सकता है।

**टिटेनस** मिट्टी में पाए जाने वाले जीवाणुओं से होता है और इसका संक्रमण किसी भी बड़ी या छोटी-मोटी चोट के बाद हो सकता है (कभी-कभी त्वचा पर बहुत छोटे घाव होते हैं जो दिखाई नहीं देते, वे मिट्टी, धूल या खाद से दूषित हो सकते हैं)।

**हूपिंग कफ़** (काली खाँसी) खाँसने अथवा छींकने से द्रव्य की छोटी बूँदों के द्वारा अन्य लोगों में फैलती है। यदि इसका इलाज न किया जाए तो हूपिंग कफ़ का रोगी खाँसी के लक्षण प्रकट होने के 3 सप्ताह बाद तक इसे अन्य लोगों में फैला सकता है।

## प्रश्न: टीकों की दवाएँ किस तरह काम करती हैं?

टीकों की दवाएँ शरीर के प्रतिरक्षण तंत्र को कुछ तरह के संक्रमणों से लड़ने के लिए प्रेरित करने का काम करती हैं। यदि प्रतिरक्षित व्यक्ति का इन संक्रमणों से संपर्क होता है तो उसका प्रतिरक्षण तंत्र अधिक प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया करता है जिससे बीमारी नहीं होती या उसकी तीक्ष्णता बहुत कम हो जाती है।

## प्रश्न: टीके की दवा कितनी प्रभावशाली है?

टीके की दवा डिफ़्थीरिया और टिटेनस को रोकने में अत्यधिक प्रभावशाली है और हूपिंग कफ़ को रोकने में 80% प्रभावशाली है।

## प्रश्न: मेरे बच्चे को सुरक्षित रखने के लिए टीके की दवा की कितनी ख़ुराकें चाहिएँ?

वयस्क जीवन की शुरूआत तक डिफ़्थीरिया, टिटेनस और हूपिंग कफ़ से बचाए रखने के लिए डी टी पी ए का एक टीका लगवाने की आवश्यकता होती है।

## प्रश्न: टीका किसे लगाया जाना चाहिए?

सभी किशोर-किशोरियों को डिफ़्थीरिया (कंठ रोग), टिटेनस और हूपिंग कफ़ (काली खाँसी) से बचाए रखने के लिए उन्हें डी टी पी ए के टीके की 1 ख़ुराक दी जानी चाहिए। बचपन में लगाए गए डिफ़्थीरिया-टिटेनस-हूपिंग कफ़ के टीके के बाद यह बूस्टर टीका लगवाना इसलिए आवश्यक है कि रोग प्रतिरोधक क्षमता वयस्क होने तक बनी रहे। जिन विद्यार्थियों को पहले डिफ़्थीरिया-टिटेनस (ए डी टी) का टीका लगा था, उन्हें डी टी पी ए का टीका लगाया जा सकता है जो उन्हें हूपिंग कफ़ से भी सुरक्षा प्रदान करेगा।

## प्रश्न: टीका किसे नहीं लगाया जाना चाहिए?

डी टी पी ए का टीका इन लोगों को नहीं लगाया जाना चाहिए:

- जिन्हें पहले इस टीके की दवा देने से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हो चुकी हो
- जिन्हें कभी पहले टीके की दवा के किसी अवयव से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हो चुकी हो (इनकी जानकारी अगले पृष्ठ पर दी गई है)

## प्रश्न: यदि मैं अपने बच्चे के थोड़ा बड़ा होने के बाद टीके लगवाना चाहूँ तो?

विद्यालय में डी टी पी ए का टीका केवल तभी लगाया जाता है जब आपका बच्चा किसी इन्टेन्सिव इंग्लिश सेंटर में या कक्षा 7 में पढ़ रहा हो और आप

कंसेंट फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करके उसे लौटा दें। यदि आप अपने बच्चे के अधिक उम्र का होने पर टीके लगवाने का चुनाव करते हैं तो आपको अपने जी पी के द्वारा ऐसा करना होगा।

## प्रश्न: टीके की दवा कितनी सुरक्षित है?

ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल की जाने वाली टीकों की दवाएँ सुरक्षित हैं और इस्तेमाल के लिए अनुमोदित किए जाने से पहले उन्हें दि थिरैपियूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन (रोगहर वस्तुओं के व्यवस्थापक – टी जी ए) के कठोर सुरक्षा परीक्षणों पर खरा उतरना पड़ता है। इसके अलावा जब दवाएँ इस्तेमाल होने लगती हैं तो टी जी ए उनकी सुरक्षा पर नज़र रखता है।

## प्रश्न: टीके की दवा में क्या-क्या मिला हुआ होता है?

टीके की दवा में एल्युमीनियम हाइड्रोक्साइड और फ़ॉस्फ़ेट, और बहुत कम मात्रा में फॉर्मएल्डिहाईड, पोलिज़ोर्बेट 80 और ग्लिसरीन मिले हुए हैं और उत्पादन प्रक्रिया में वह गौ जाति के पशुओं से प्राप्त पदार्थों के संपर्क में आई थी।

## प्रश्न: दवा के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

दुष्प्रभाव साधारणतया हल्के होते हैं और आम तौर पर ये टीका लगाए जाने के स्थान पर लाली, दर्द और सूजन या बुख़ार के रूप में होते हैं। गंभीर दुष्प्रभाव बहुत विरले ही देखने में आते हैं। टीके की दवा के दुष्प्रभावों के बारे में और अधिक जानकारी www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर कंज़्यूमर मेडिसिन इनफ़ॉर्मेशन (उपभोक्ताओं के लिए चिकित्सीय दवाओं से संबंधित जानकारी - सी एम आई) के अंतर्गत उपलब्ध है। यदि टीका लगाने के बाद माता-पिता को इन दुष्प्रभावों के कारण कोई चिंता है तो उन्हें अपने जी पी (सामान्य चिकित्सक) से संपर्क करना चाहिए जो पब्लिक हेल्थ (सार्वजनिक स्वास्थ्य) यूनिट को भी इसकी रिपोर्ट भेजेगा।

## प्रश्न: एनाफिलेक्सिस (तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया) क्या है?

एनाफिलेक्सिस एलर्जी (प्रत्यूर्जता) की एक तीव्र प्रतिक्रिया है जिसका इलाज़ न किये जाने पर बेहोशी या मृत्यु हो सकती है। **टीका लगाने पर ऐसा *विरले* ही होता है।** विद्यालयों में टीका लगाने वाली नर्सें (परिचारिकाएँ) एनाफिलेक्सिस का उपचार करने में पूर्णतया प्रशिक्षित होती हैं।

## प्रश्न: यदि मेरे बच्चे को शिशु अवस्था में पहले ट्रिपल एंटीजन अथवा डी टी पी के टीके से गंभीर प्रतिक्रिया हुई थी तो?

टीके की पुरानी दवा देते ही बच्चे को तीव्र एलर्जी अथवा तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया के मामलों के अलावा आपके बच्चे के लिए डी टी पी ए का टीका लगवाना सुरक्षित है।

## प्रश्न: यदि मेरे बच्चे को दमा है और उसे एक “पफ्फर” के द्वारा कोर्टीसोन या प्रैदनीसोन लेनी होती है तो?

यदि किसी व्यक्ति को दमा है तो चाहे वह दोनों में से कोई भी दवा ले रहा हो, उसे डी टी पी ए का टीका लगाना सुरक्षित होगा।

## प्रश्न: टीका लगाने के लिए सहमति कौन दे सकता है और क्या सहमति वापस ली जा सकती है?

18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को टीका लगाने की सहमति केवल उनके माता-पिता/अभिभावक दे सकते हैं। 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विद्यार्थी स्वयं को टीका लगाने की सहमति दे सकते हैं और उन्हें कंसेंट (सहमति का) फ़ॉर्म भर कर जहाँ ‘पैरेंट/गार्डियन’ लिखा है, वहाँ हस्ताक्षर करने होंगे। सहमति कभी भी वापस ली जा सकती है। इसके लिए विद्यालय को सहमति वापस लेने की लिखित सूचना दें या विद्यालय को टेलीफ़ोन करें।

## प्रश्न: क्या उस छात्रा को टीका लगाया जाना चाहिए जो गर्भवती है या जिसे गर्भवती होने की आशंका है?

जी नहीं। कोई भी छात्रा जो गर्भवती है, या जिसे गर्भवती होने की आशंका है, उसे टीका नहीं लगाया जाना चाहिए। टीका लगाए जाने के दिन टीका लगाने वाली नर्स छात्राओं से पूछेगी कि क्या वे गर्भवती हैं, या उन्हें गर्भवती होने की आशंका है। यदि कोई छात्रा इसका जवाब हाँ में देती है तो उसे टीका नहीं लगाया जाएगा। उस छात्रा से यह आग्रह किया जाएगा कि वह अपने माता-पिता/अभिभावक से इसके बारे में शीघ्र चर्चा करे, और चिकित्सीय सहायता प्राप्त करे। उसे एक ऐसी स्वास्थ्य संदर्भ सेवा के संपर्क की जानकारी दी जाएगी जो उसे सलाह और सहायता देगी और उसका मार्गदर्शन करेगी।

## प्रश्न: जिस दिन नर्सें विद्यालय में आईं, मेरा बच्चा बीमार या अनुपस्थित था, इसलिए उसे टीका नहीं लगा, तो अब मुझे क्या करना चाहिए?

आपको अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करना होगा और अपने बच्चे को टीका लगवाने का प्रबंध करना होगा।

## प्रश्न: मुझे टीका लगाए जाने का रिकॉर्ड किस तरह से मिल सकता है?

आपके बच्चे को लगाए गए टीकों की जानकारी ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे के टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके।

माता-पिता अपने बच्चे की ए आई आर इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने का अनुरोध, बच्चे के 14 वर्ष की आयु का होने से पहले, कभी भी कर सकते हैं, और 14 वर्ष या इससे अधिक आयु के छात्र अपनी इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं:

- myGov पर अपने मेडीकेयर ऑनलाइन अकाउंट द्वारा, my.gov.au/ पर जाकर
- मेडीकेयर एक्सप्रेस प्लस एप के द्वारा www.humanservices.gov.au/individuals/subjects/express-plus-mobile-apps पर
- ए आई आर की जनरल इन्क्वायरी लाइन 1800 653 809 पर फ़ोन करके।

## प्रश्न: मेरे बच्चे के बारे में जो जानकारी है, उसका क्या होगा?

टीके के कंसेंट (सहमति के) फ़ॉर्म पर आप जो जानकारी देते हैं, उस पर न्यू साउथ वेल्स और कॉमनवेल्थ के गोपनीयता के कानूनों के अंतर्गत सख्त संरक्षण लागू होते हैं (गोपनता के बारे में संलग्न बयान – प्राइवेसी स्टेटमेंट – देखें)। यह जानकारी एन एस डब्ल्यू हेल्थ के एक इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर में दर्ज की जाएगी और फिर ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे की टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके और उसे MyGov पर देखा जा सके।

## विद्यालय में टीके लगाए जाने के बारे में अधिक जानकारी मुझे कहाँ से मिल सकती है?

अधिक जानकारी उपलब्ध है :

- एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य) की वेबसाइट www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर जाकर
- आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट (सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई) से 1300 066 055 पर संपर्क करके

September 2022 © NSW Ministry of Health. SHPN (HP NSW) 220728-1-9

Hindi

# डिफ्थीरिया (कंठ रोग), टिटेनस और पर्टुसिस (काली खाँसी) का टीका लगाने की सहमति

माता-पिता / अभिभावक द्वारा भरा जाए। कृपया **काले** अथवा **नीले** पेन से **अंग्रेजी के बड़े अक्षरों** में भरें।

## 1. विद्यार्थी की जानकारी

कुलनाम

व्यक्तिगत नाम

जन्म तिथि / / 2 0

लिंग: पुरुष स्त्री अनिश्चित/इंटरसेक्स/बताया नहीं

ग्रेड

विद्यालय का नाम

मेडिकेयर नंबर

मेडिकेयर कार्ड पर आपके बच्चे के नाम के आगे लिखा हुआ नंबर

## 2. मूल निवासी होने की हैसियत

नहीं | हाँ, एबोरिजिनल (आदिवासी) | हाँ, टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर | हाँ, एबोरिजिनल तथा टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर, दोनों

## 3. आपका विवरण – माता-पिता या कानूनी अभिभावक

मैंने डिफ्थीरिया, टिटेनस और पर्टुसिस (डी टी पी ए) के टीके के लाभों और संभावित दुष्प्रभावों के बारे में दी गई जानकारी पढ़ और समझ ली है।

मैं एततद्वारा अपने उपरोक्त नामित बच्चे को डिफ्थीरिया, टिटेनस और पर्टुसिस (डी टी पी ए) के टीके की एक ख़ुराक दिए जाने की सहमति देता/देती हूँ।

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मुझे जो जानकारी ज्ञात है, उसके आधार पर मेरे बच्चे को:

1. टीका लगवाने पर कभी तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया नहीं हुई।
2. संलग्न पेरेंट इन्फोर्मेशन शीट (माता-पिता के लिए जानकारी पत्र) में दिए गए टीके के अवयवों के प्रति तीव्रग्राहिता संवेदनशीलता नहीं है।
3. वह गर्भवती नहीं है।

माता-पिता/अभिभावक का नाम (जैसे कि JOHN SMITH)

घर का पता (जैसे कि 5 SMITH LANE)

सबर्ब (शहर)

पोस्टकोड

मोबाइल फ़ोन नंबर

संपर्क के लिए दूसरा नंबर (एरिया कोड भी लिखें, जैसे कि 02)

माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर

✕

तिथि / / 2 0

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति पत्र) भरें।

NSW GOVERNMENT

## डी टी पी ए के टीके का रिकॉर्ड

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

### कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

**परिचारिका की टिप्पणियाँ**

टीका न लगाए जाने का कारण

- ☐ अनुपस्थित
- ☐ अस्वीकार करना
- ☐ बीमार
- ☐ हस्ताक्षर न होना
- ☐ स्वीकृति वापस लेना
- ☐ अन्य

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी फ़ॉर्म (सहमति फ़ॉर्म) भरें।

## माता-पिता/अभिभावक के लिए
## डिफ्थीरिया, टिटेनस और पर्टुसिस (डी टी पी ए) के टीके का रिकॉर्ड

### डी टी पी ए के टीके का रिकॉर्ड

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

### कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट फ़ॉर्म भरें।

### टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीकों की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीके लगाए जाने की तिथि बता दें।

### यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT

# वेरीसेल्ला (चिकनपॉक्स – छोटी माता) का टीका

Varicella (chickenpox) vaccine

एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य), नेशनल हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च कौंसिल (राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय शोध परिषद्) द्वारा युवाओं के लिए संस्तुत किए गए टीके विद्यालय से जुड़े टीके लगाने के एक कार्यक्रम के द्वारा प्रदान करती है। माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसकी सहमति देने के लिए हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

## आपको ये कदम उठाने होंगे

- कृपया इस जानकारी-पत्र को ध्यान से पढ़ें।
- यदि आप अपने बच्चे को वेरीसेल्ला का टीका लगवाना चाहते हैं तो कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) में जानकारी भरें और हस्ताक्षर करके कंसेंट फ़ॉर्म अपने बच्चे को विद्यालय को वापस करने के लिए दे दें।
- यदि आप अपने बच्चे को वेरीसेल्ला का टीका **नहीं** लगवाना चाहते तो कंसेंट फ़ॉर्म को **न** भरें और **न** ही उसे वापस भेजें।

## प्रश्न: वेरीसेल्ला (चिकनपॉक्स – छोटी माता) बीमारी क्या है?

चिकनपॉक्स वेरीसेल्ला-जोस्टर रोगाणु से होने वाली अत्यधिक छूत की बीमारी है। स्वस्थ बच्चों में यह आम तौर पर थोड़े समय की हलकी बीमारी होती है जिसके लक्षण हैं हल्का ज्वर, नाक बहना, अनमना सा होना और त्वचा पर पित्तियाँ, जो फफोलों में बदल सकती हैं। लेकिन वयस्कों में यह अधिक तीक्ष्ण होती है और जिन व्यक्तियों का प्रतिरक्षण तंत्र नियंत्रित किया गया है, उन्हें यह गंभीर रूप से और घातक रूप से भी बीमार कर सकती है। संक्रमित व्यक्तियों में 4,000 में से एक की मांसपेशियाँ अचानक काम करना बंद कर देंगी (एक्यूट सैरीबैल्लर अटेक्सिआ) जबकि 100,000 में से एक को मस्तिष्क में सूजन (एन्सैफिलिटिस) हो जाती है। गर्भ के दौरान संक्रमण से शिशु में जन्मजात विकृतियाँ हो सकती हैं, इनमें त्वचा पर निशान पड़ना और बाज़ुओं या टाँगों में विकृतियाँ होना शामिल हैं।

## प्रश्न: चिकनपॉक्स की बीमारी कैसे फैलती है?

बीमारी की शुरूआत के चरण में चिकनपॉक्स खाँसने से फैलती है। बीमारी के आगे के चरण में रोगाणु फफोलों में भरे द्रव्य से सीधे संपर्क से फैलता है। संक्रमण उन लोगों में अत्यधिक छूत से फैलता है जिन्हें पहले चिकनपॉक्स की बीमारी न हुई हो, अथवा जिन्हें इसका टीका न लगा हो। पित्तियाँ उभरने से एक या दो दिन पहले से रोगी संक्रमण फैला सकता है (यानि नाक बहने के चरण में) और ऐसा पित्तियाँ उभरने के पाँच दिन बाद तक हो सकता है (जब फफोलों में पपड़ी या खुरंट पड़ने लगे)।

## प्रश्न: टीकों की दवाएँ किस तरह काम करती हैं?

टीकों की दवाएँ शरीर के प्रतिरक्षण तंत्र को कुछ तरह के संक्रमणों से लड़ने के लिए प्रेरित करने का काम करती हैं। यदि प्रतिरक्षित व्यक्ति का इन संक्रमणों से संपर्क होता है तो उसका प्रतिरक्षण तंत्र अधिक प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया करता है जिससे बीमारी नहीं होती या उसकी तीक्षणता बहुत कम हो जाती है।

## प्रश्न: टीके की दवा कितनी प्रभावशाली है?

चिकनपॉक्स के टीके की एक ख़ुराक चिकनपॉक्स से बचाने के लिए 80-85% तक प्रभावशाली है और यह बीमारी की तीव्रता कम करने में अत्यधिक प्रभावशाली है।

## प्रश्न: टीका किसे <u>लगाया जाना चाहिए</u>?

14 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को चिकनपॉक्स का केवल एक टीका लगवाना होगा, **सिवाय उनके, जिन्हें पहले टीका लग चुका है** (आम तौर पर 18 मास की आयु में) **या जिन्हें चिकनपॉक्स (छोटी माता) हो चुकी है।** 14 वर्ष या उससे अधिक आयु के विद्यार्थियों को उनके चिकित्सक द्वारा चिकनपॉक्स की दवा की दो ख़ुराकें कम से कम 1-2 माह के अंतराल पर दी जानी चाहिएँ।

## प्रश्न: टीका किसे <u>नहीं</u> लगाया जाना चाहिए?

चिकनपॉक्स का टीका इन लोगों को नहीं लगाया जाना चाहिए:

- जिन्हें पहले वैरिसैला की दवा देने से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हुई हो
- जिन्हें टीके की दवा के किसी अवयव से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हुई हो (इनकी जानकारी अगले पृष्ठ पर दी गई है)
- जो गर्भवती हों (टीका लगवाने के बाद 28 दिन तक गर्भ धारण करने से बचना चाहिए)
- जिन्हें पिछले 12 माह में रक्ताधान/इम्युनोग्लोबुलिन का टीका दिया गया हो
- जिन्होंने पिछले 4 सप्ताहों के दौरान कोई सजीव टीका लगवाया है (जैसे एम एम आर (मीजल्स्, मम्पस् और रुबैला), बी सी जी (टी बी) अथवा यैलो फीवर (पीत ज्वर))
- जिनका प्रतिरक्षण तंत्र कमजोर हो, जैसे:
  - i. जिन व्यक्तियों को एच आई वी/एडस् हो
  - ii. जो व्यक्ति भारी मात्रा में इम्यूनोसप्रैसिव ट्रीटमेंट (प्रतिरक्षण तंत्र को नियंत्रित करने का उपचार) करवा रहे हों जैसे कि कीमोथिरैपी, रेडिएशन थिरैपी (विकिरण या एक्स-रे से चिकित्सा) या जो अधिक मात्रा में कोर्टिकोस्टीरॉयडस् खा रहे हों
  - iii. जिन व्यक्तियों को सिवियर इम्यूनोकंप्रोमाईज़ हो (जिनका प्रतिरक्षण तंत्र बहुत कमज़ोर हो) इसमें लिम्फोमा, ल्यूकेमिया और जनरलाईज़्ड मैलिग्नैंसी शामिल हैं।

## प्रश्न: एनाफिलेक्सिस (तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया) क्या है?

एनाफिलेक्सिस एलर्जी (प्रत्यूर्जता) की एक तीव्र प्रतिक्रिया है जिसका इलाज़ न किये जाने पर बेहोशी या मृत्यु हो सकती है। **टीका लगाने पर ऐसा *विरले* ही होता है।** विद्यालयों में टीका लगाने वाली नर्सें (परिचारिकाएँ) एनाफिलेक्सिस का उपचार करने में पूर्णतया प्रशिक्षित होती हैं।

## प्रश्न: यदि मेरे पास टीका लगाए जाने का कोई रिकॉर्ड नहीं है या मुझे यह याद नहीं है कि मेरे बच्चे को चिकनपॉक्स हो चुकी है या नहीं तो मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आपके पास चिकनपॉक्स होने की जानकारी या इसका टीका लगाए जाने का कोई रिकॉर्ड नहीं है तो भी बच्चों और वयस्कों को चिकनपॉक्स का टीका लगवाना सुरक्षित होगा।

## प्रश्न: चिकनपॉक्स के टीके की दवा में क्या योगात्मक पदार्थ होते हैं?

टीके की दवा में स्यूक्रोज़ (गन्ने की चीनी), हाइड्रोलाईज़्ड पोर्सीन जिलेटिन, यूरिया, मोनोसोडियम ग्लूटामेट, एम आर सी-5 कोशिकाओं के बचे हुए अंश, अति अल्पमात्रा में नीओमाईसिन और बोवाईन सीरम मिले हुए हैं। योगात्मक पदार्थ दवा को अपना काम करने में सहायता देने या परिरक्षक के रूप में बहुत कम मात्रा में दवाओं में मिलाए जाते हैं।

## प्रश्न: टीके की दवा कितनी सुरक्षित है?

ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल की जाने वाली टीकों की दवाएँ सुरक्षित हैं और इस्तेमाल के लिए अनुमोदित किए जाने से पहले उन्हें दि थिरैपियूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन (रोगहर वस्तुओं के व्यवस्थापक – टी जी ए) के कठोर सुरक्षा परीक्षणों पर खरा उतरना पड़ता है। इसके अलावा जब दवाएँ इस्तेमाल होने लगती हैं तो टी जी ए उनकी सुरक्षा पर नज़र रखता है।

## प्रश्न: चिकनपॉक्स के टीके की दवा के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

दुष्प्रभाव साधारणतया हल्के होते हैं और आम तौर पर ये टीका लगाए जाने के स्थान पर लाली, दर्द और सूजन या बुख़ार के रूप में होते हैं। गंभीर दुष्प्रभाव बहुत विरले ही देखने में आते हैं। टीके की दवा के दुष्प्रभावों के बारे में और अधिक जानकारी www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर कंज़्यूमर मेडिसिन इनफ़ॉर्मेशन (उपभोक्ताओं के लिए चिकित्सीय दवाओं से संबंधित जानकारी - सी एम आई) के अंतर्गत उपलब्ध है। यदि टीका लगाने के बाद माता-पिता को इन दुष्प्रभावों के कारण कोई चिंता है तो उन्हें अपने जी पी (सामान्य चिकित्सक) से संपर्क करना चाहिए जो पब्लिक हेल्थ (सार्वजनिक स्वास्थ्य) यूनिट को भी इसकी रिपोर्ट भेजेगा।

## प्रश्न: क्या उस छात्रा को टीका लगाया जाना चाहिए जो गर्भवती है या जिसे गर्भवती होने की आशंका है?

जी नहीं। कोई भी छात्रा जो गर्भवती है, या जिसे गर्भवती होने की आशंका है, उसे टीका नहीं लगाया जाना चाहिए। टीका लगाए जाने के दिन टीका लगाने वाली नर्स छात्राओं से पूछेगी कि क्या वे गर्भवती हैं, या उन्हें गर्भवती होने की आशंका है। यदि कोई छात्रा इसका जवाब हाँ में देती है तो उसे टीका नहीं लगाया जाएगा। उस छात्रा से यह आग्रह किया जाएगा कि वह अपने माता-पिता/अभिभावक से इसके बारे में शीघ्र चर्चा करे, और चिकित्सीय सहायता प्राप्त करे। उसे एक ऐसी स्वास्थ्य संदर्भ सेवा के संपर्क की जानकारी दी जाएगी जो उसे सलाह और सहायता देगी और उसका मार्गदर्शन करेगी।

**जिन छात्राओं को चिकनपॉक्स का टीका लगाया गया है, उन्हें टीका लगवाने के बाद 28 दिन तक गर्भ धारण नहीं करना चाहिए।**

## प्रश्न: यदि मेरे बच्चे को दमा है और उसे एक “पफ्फर” के द्वारा कोर्टीसोन या प्रैदनीसोन लेनी होती है तो?

यदि किसी व्यक्ति को दमा है तो चाहे वह कोई भी दवा ले रहा हो, उसे चिकनपॉक्स का टीका लगाना सुरक्षित होगा।

## प्रश्न: क्या मेरे द्वारा अपनी सहमति वापस ली जा सकती है?

आप अपनी सहमति कभी भी वापस ले सकते हैं, इसके लिए विद्यालय को सहमति वापस लेने की लिखित सूचना दें अथवा विद्यालय को टेलीफ़ोन करें।

## प्रश्न: जिस दिन नर्सें विद्यालय में आईं, मेरा बच्चा बीमार या अनुपस्थित था, इसलिए उसे टीका नहीं लगा, तो अब मुझे क्या करना चाहिए?

आपको अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करना होगा और अपने बच्चे को टीका लगवाने का प्रबंध करना होगा।

## प्रश्न: मुझे टीका लगाए जाने का रिकॉर्ड किस तरह से मिल सकता है?

आपके बच्चे को लगाए गए टीकों की जानकारी ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे के टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके।

माता-पिता अपने बच्चे की ए आई आर इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने का अनुरोध, बच्चे के 14 वर्ष की आयु का होने से पहले, कभी भी कर सकते हैं, और 14 वर्ष या इससे अधिक आयु के छात्र अपनी इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं:

- myGov पर अपने मेडीकेयर ऑनलाइन अकाउंट द्वारा, my.gov.au/ पर जाकर
- मेडीकेयर एक्सप्रेस प्लस एप के द्वारा www.humanservices.gov.au/individuals/subjects/express-plus-mobile-apps पर
- ए आई आर की जनरल इन्क्वायरी लाइन 1800 653 809 पर फ़ोन करके।

## प्रश्न: मेरे बच्चे के बारे में जो जानकारी है, उसका क्या होगा?

टीके के कंसेंट (सहमति के) फ़ॉर्म पर आप जो जानकारी देते हैं, उस पर न्यू साउथ वेल्स और कॉमनवेल्थ के गोपनीयता के कानूनों के अंतर्गत सख्त संरक्षण लागू होते हैं (गोपनता के बारे में संलग्न बयान – प्राइवेसी स्टेटमेंट – देखें)। यह जानकारी एन एस डब्ल्यू हेल्थ के एक इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर में दर्ज की जाएगी और फिर ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे की टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके और उसे MyGov पर देखा जा सके।

## विद्यालय में टीके लगाए जाने के बारे में अधिक जानकारी मुझे कहाँ से मिल सकती है?

अधिक जानकारी उपलब्ध है :

- एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य) की वेबसाइट www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर जाकर
- आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट (सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई) से 1300 066 055 पर संपर्क करके

September 2022 © NSW Ministry of Health. SHPN (HP NSW) 220733-1-9

Hindi

# वैरिसेला (चिकनपॉक्स – छोटी माता) का टीका लगाने की सहमति

NSW GOVERNMENT

माता-पिता / अभिभावक द्वारा भरा जाए। कृपया **काले** अथवा **नीले** पेन से **अंग्रेजी के बड़े अक्षरों** में भरें।

## 1. विद्यार्थी की जानकारी

कुलनाम

व्यक्तिगत नाम

जन्म तिथि  / / 2 0

लिंग  पुरुष  स्त्री  अनिश्चित/इंटरसेक्स/बताया नहीं

ग्रेड

विद्यालय का नाम

मेडिकेयर नंबर

मेडिकेयर कार्ड पर आपके बच्चे के नाम के आगे लिखा हुआ नंबर

## 2. मूल निवासी होने की हैसियत

नहीं  हाँ, एबोरिजिनल (आदिवासी)  हाँ, टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर  हाँ, एबोरिजिनल तथा टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर, दोनों

## 3. आपका विवरण – माता-पिता या कानूनी अभिभावक

मैंने वैरिसेला के टीके के लाभों और संभावित दुष्प्रभावों के बारे में दी गई जानकारी पढ़ और समझ ली है।

मैं एततद्वारा अपने उपरोक्त नामित बच्चे को वैरिसेला के टीके की एक ख़ुराक दिए जाने की सहमति देता/देती हूँ।

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मुझे जो जानकारी ज्ञात है, उसके आधार पर मेरे बच्चे को:

1. टीका लगवाने पर कभी तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया नहीं हुई।
2. संलग्न पेरेंट इन्फोर्मेशन शीट (माता-पिता के लिए जानकारी पत्र) में दिए गए टीके के अवयवों के प्रति तीव्रग्राहिता संवेदनशीलता नहीं है।
3. वह गर्भवती नहीं है।

माता-पिता/अभिभावक का नाम (जैसे कि JOHN SMITH)

घर का पता (जैसे कि 5 SMITH LANE)

सबर्ब (शहर)  पोस्टकोड

मोबाइल फ़ोन नंबर

संपर्क के लिए दूसरा नंबर (एरिया कोड भी लिखें, जैसे कि 02)

माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर

×

तिथि  / / 2 0

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति पत्र) भरें।

NSW GOVERNMENT

220733-2-9

## वैरिसेला (चिकनपॉक्स – छोटी माता) के टीके का रिकॉर्ड

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

**परिचारिका की टिप्पणियाँ**

टीका न लगाए जाने का कारण

- ☐ अनुपस्थित
- ☐ अस्वीकार करना
- ☐ बीमार
- ☐ हस्ताक्षर न होना
- ☐ स्वीकृति वापस लेना
- ☐ अन्य

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कॉंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) भरें।

## माता-पिता/अभिभावक के लिए
## वैरिसेला (चिकनपॉक्स – छोटी माता) के टीके का रिकॉर्ड

### वैरिसेला (चिकनपॉक्स – छोटी माता) के टीके का रिकॉर्ड

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

### टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीकों की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीके लगाए जाने की तिथि बता दें।

### यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT

# हिपेटाईटिस बी का टीका

Hepatitis B vaccine

एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य), नेशनल हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च कौंसिल (राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय शोध परिषद्) द्वारा युवाओं के लिए संस्तुत किए गए टीके विद्यालय से जुड़े टीके लगाने के एक कार्यक्रम के द्वारा प्रदान करती है। माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसकी सहमति देने के लिए हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

## आपको ये कदम उठाने होंगे

- कृपया इस जानकारी-पत्र को ध्यान से पढ़ें।
- यदि आप अपने बच्चे को हिपेटाईटिस बी का टीका लगवाना चाहते हैं तो कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) में जानकारी भरें और हस्ताक्षर करके कंसेंट फ़ॉर्म अपने बच्चे को विद्यालय को वापस करने के लिए दे दें।
- यदि आप अपने बच्चे को हिपेटाईटिस बी का टीका **नहीं** लगवाना चाहते तो कंसेंट फ़ॉर्म को **न** भरें और **न** ही उसे वापस भेजें।

## प्रश्न: हिपेटाईटिस बी की बीमारी क्या है?

हिपेटाईटिस बी विषाणु से फैलने वाली एक बीमारी है जिसके लक्षण हैं ज्वर, पाण्डु रोग और बीमार होने जैसा महसूस होना और इससे यकृत शोथ अथवा यकृत का कैंसर हो सकता है। कुछ लोगों को हिपेटाईटिस बी का रोग होते हुए भी उन्हें यह ज्ञात नहीं होता कि वे संक्रमित हैं। ऐसे लोग अनभिज्ञता से बीमारी को दूसरे लोगों में फैला सकते हैं।

## प्रश्न: हिपेटाईटिस बी कैसे फैलता है?

- संक्रमित माता से उसके बच्चे को बच्चे के जन्म के समय और स्तनपान के द्वारा
- एक बच्चे से दूसरे बच्चे में, सामान्यतया खुले फोड़ों और घावों के द्वारा
- असुरक्षित यौन-संबंधों द्वारा
- किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की गई सुई के चुभने से
- बिना रोगाणुरहित किए उपकरणों द्वारा गोदने अथवा अंग छेदन से
- टीका लगाने के उपकरणों का साझा इस्तेमाल करने से

## प्रश्न: टीकों की दवाएँ किस तरह काम करती हैं?

टीकों की दवाएँ शरीर के प्रतिरक्षण तंत्र को कुछ तरह के संक्रमणों से लड़ने के लिए प्रेरित करने का काम करती हैं। यदि प्रतिरक्षित व्यक्ति का इन संक्रमणों से संपर्क होता है तो उसका प्रतिरक्षण तंत्र अधिक प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया करता है जिससे बीमारी नहीं होती या उसकी तीक्षणता बहुत कम हो जाती है।

## प्रश्न: टीके की दवा कितनी प्रभावशाली है?

हिपेटाईटिस बी का टीका हिपेटाईटिस बी के संक्रमण से सुरक्षा दिलाने में अत्यधिक प्रभावशाली है।

## प्रश्न: इस कोर्स में कितनी ख़ुराकों की आवश्यकता है?

इंटेंसिव इंगलिश सेंटरों में हिपेटाईटिस बी की दवा 2 ख़ुराकों के एक कोर्स के रूप में दी जाएगी, दूसरी खुराक पहली ख़ुराक देने के 4 से 6 माह बाद दी जाएगी।

## प्रश्न: यदि मेरे बच्चे को हिपेटाईटिस बी का केवल एक टीका ही लगाया जाता है तो क्या उसे हिपेटाईटिस बी से सुरक्षा मिलेगी ?

जी नहीं। किशोरों को (जिनकी आयु 11-15 वर्ष की है) हिपेटाईटिस बी की बीमारी से सुरक्षा के लिए दवा की 2 वयस्कों की ख़ुराकों की आवश्यकता है।

## प्रश्न: टीका किसे लगाया जाना चाहिए?

**11-15 वर्ष के** सभी छात्रों को हिपेटाईटिस बी की **वयस्कों की दवा के 2 टीके** लगाए जाने चाहिएँ सिवाय उनके जिन्हें शिशु अथवा बाल्यावस्था में टीके का पूरा कोर्स लग चुका हो।

जिन विद्यार्थियों की आयु **16 वर्ष या इससे अधिक** है, **उन्हें बच्चों की दवा के 3 टीके** लगाए जाने चाहिएँ। पहले 2 टीके विद्यालय में लगवाए जा सकते हैं और फिर कोर्स को पूरा करने के लिए जी पी के नाम एक पत्र दिया जाएगा।

## प्रश्न: टीका किसे नहीं लगाया जाना चाहिए?

हिपेटाईटिस बी का टीका उन लोगो को नहीं लगाया जाना चाहिए जिन्हें:

- पहले इस टीके की दवा से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हुई हो
- टीके की दवा के किसी अवयव से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हुई हो (इनकी जानकारी अगले पृष्ठ पर दी गई है)
- जो लड़कियाँ गर्भवती हों।

## प्रश्न: टीके की दवा कितनी सुरक्षित है?

ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल की जाने वाली टीकों की दवाएँ सुरक्षित हैं और इस्तेमाल के लिए अनुमोदित किए जाने से पहले उन्हें दि थिरैपियूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन (रोगहर वस्तुओं के व्यवस्थापक – टी जी ए) के कठोर सुरक्षा परीक्षणों पर खरा उतरना पड़ता है। इसके अलावा जब दवाएँ इस्तेमाल होने लगती हैं तो टी जी ए उनकी सुरक्षा पर नज़र रखता है।

## प्रश्न: हिपेटाईटिस बी की दवा में क्या योगात्मक पदार्थ होते है?

दवा में एल्युमीनियम हाइड्रोक्साइड होता है जो दवा को अपना काम करने में सहायता देता है, और इसमें ख़मीर के प्रोटीन भी हो सकते हैं और उत्पादन प्रक्रिया में वह गौ जाति के पशुओं से प्राप्त पदार्थो के संपर्क में आई थी।

## प्रश्न: हिपेटाईटिस बी की दवा के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

दुष्प्रभाव साधारणतया हल्के होते हैं और आम तौर पर ये टीका लगाए जाने के स्थान पर लाली, दर्द और सूजन या बुख़ार के रूप में होते हैं। गंभीर दुष्प्रभाव बहुत विरले ही देखने में आते हैं। टीके की दवा के दुष्प्रभावों के बारे में और अधिक जानकारी www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर कंज़्यूमर मेडिसिन इनफ़ॉर्मेशन (उपभोक्ताओं के लिए चिकित्सीय दवाओं से संबंधित जानकारी - सी एम आई) के अंतर्गत उपलब्ध है। यदि टीका लगाने के बाद माता-पिता को इन दुष्प्रभावों के कारण कोई चिंता है तो उन्हें अपने जी पी (सामान्य चिकित्सक) से संपर्क करना चाहिए जो पब्लिक हेल्थ (सार्वजनिक स्वास्थ्य) यूनिट को भी इसकी रिपोर्ट भेजेगा।

## प्रश्न: एनाफिलेक्सिस (तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया) क्या है?

एनाफिलेक्सिस एलर्जी (प्रत्यूर्जता) की एक तीव्र प्रतिक्रिया है जिसका इलाज़ न किये जाने पर बेहोशी या मृत्यु हो सकती है। **टीका लगाने पर ऐसा *विरले* ही होता है।** विद्यालयों में टीका लगाने वाली नर्सें (परिचारिकाएँ) एनाफिलेक्सिस का उपचार करने में पूर्णतया प्रशिक्षित होती हैं।

## प्रश्न: यदि मेरे पास कोई रिकार्ड (अभिलेख) नहीं है या मुझे यह याद नहीं है कि क्या मेरे बच्चे को हिपेटाईटिस बी की दवा का कोर्स दिया जा चुका है तो मै क्या करूँ?

आपके बच्चे के लिए हिपेटाईटिस बी की दवा का एक और कोर्स लेना सुरक्षित होगा।

## प्रश्न: मेरे बच्चे को एच आई बी का एक टीका लग चुका है। क्या इससे मेरे बच्चे को हिपेटाईटिस बी से सुरक्षा मिलेगी ?

जी नहीं। एच आई बी का टीका केवल हिमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी (मानवीय इन्फ्लुएंजा, किस्म बी) से सुरक्षा प्रदान करता है और यह शिशुओं को 6 सप्ताह, 4 माह, 6 माह और 18 माह की उम्र में लगाया जाता है। यह आपके बच्चे को हिपेटाईटिस बी से सुरक्षा प्रदान नहीं करेगा।

## प्रश्न: क्या उस छात्रा को टीका लगाया जाना चाहिए जो गर्भवती है या जिसे गर्भवती होने की आशंका है?

जी नहीं। कोई भी छात्रा जो गर्भवती है, या जिसे गर्भवती होने की आशंका है, उसे टीका नहीं लगाया जाना चाहिए। टीका लगाए जाने के दिन टीका लगाने वाली नर्स छात्राओं से पूछेगी कि क्या वे गर्भवती हैं, या उन्हें गर्भवती होने की आशंका है। यदि कोई छात्रा इसका जवाब हाँ में देती है तो उसे टीका नहीं लगाया जाएगा। उस छात्रा से यह आग्रह किया जाएगा कि वह अपने माता-पिता/अभिभावक से इसके बारे में शीघ्र चर्चा करे, और चिकित्सीय सहायता प्राप्त करे। उसे एक ऐसी स्वास्थ्य संदर्भ सेवा के संपर्क की जानकारी दी जाएगी जो उसे सलाह और सहायता देगी और उसका मार्गदर्शन करेगी।

## प्रश्न: यदि मेरे बच्चे को दमा है और उसे एक "पफ्फर" के द्वारा कोर्टीसोन या प्रेदनीसोन लेनी होती है तो?

यदि किसी व्यक्ति को दमा है तो चाहे वह दोनों में से कोई भी दवा ले रहा हो, उसे हिपेटाईटिस बी का टीका लगाना सुरक्षित होगा।

## प्रश्न: टीका लगाने के लिए सहमति कौन दे सकता है और क्या सहमति वापस ली जा सकती है?

18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को टीका लगाने की सहमति केवल उनके माता-पिता/अभिभावक दे सकते हैं। 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विद्यार्थी स्वयं को टीका लगाने की सहमति दे सकते हैं और उन्हें कंसेंट (सहमति का) फ़ॉर्म भर कर जहाँ 'पैरेंट/गार्डियन' लिखा है, वहाँ हस्ताक्षर करने होंगे। सहमति कभी भी वापस ली जा सकती है। इसके लिए विद्यालय को सहमति वापस लेने की लिखित सूचना दें या विद्यालय को टेलीफ़ोन करें।

## प्रश्न: जिस दिन नर्सें विद्यालय में आईं, मेरा बच्चा बीमार या अनुपस्थित था, इसलिए उसे टीका नहीं लगा, तो अब मुझे क्या करना चाहिए?

आपको अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करना होगा और अपने बच्चे को टीका लगवाने का प्रबंध करना होगा।

## प्रश्न: मुझे टीका लगाए जाने का रिकॉर्ड किस तरह से मिल सकता है?

आपके बच्चे को लगाए गए टीकों की जानकारी ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे के टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके।

माता-पिता अपने बच्चे की ए आई आर इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने का अनुरोध, बच्चे के 14 वर्ष की आयु का होने से पहले, कभी भी कर सकते हैं, और 14 वर्ष या इससे अधिक आयु के छात्र अपनी इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं:

- myGov पर अपने मेडीकेयर ऑनलाइन अकाउंट द्वारा, my.gov.au/ पर जाकर
- मेडीकेयर एक्सप्रेस प्लस एप के द्वारा www.humanservices.gov.au/individuals/subjects/express-plus-mobile-apps पर
- ए आई आर की जनरल इन्क्वायरी लाइन 1800 653 809 पर फ़ोन करके।

## प्रश्न: मेरे बच्चे के बारे में जो जानकारी है, उसका क्या होगा?

टीके के कंसेंट (सहमति के) फ़ॉर्म पर आप जो जानकारी देते हैं, उस पर न्यू साउथ वेल्स और कॉमनवेल्थ के गोपनीयता के कानूनों के अंतर्गत सख्त संरक्षण लागू होते हैं (गोपनता के बारे में संलग्न बयान – प्राइवेसी स्टेटमेंट – देखें)। यह जानकारी एन एस डब्ल्यू हेल्थ के एक इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर में दर्ज की जाएगी और फिर ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे की टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके और उसे MyGov पर देखा जा सके।

## विद्यालय में टीके लगाए जाने के बारे में अधिक जानकारी मुझे कहाँ से मिल सकती है?

अधिक जानकारी उपलब्ध है :

- एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य) की वेबसाइट www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर जाकर
- आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट (सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई) से 1300 066 055 पर संपर्क करके

September 2022 © NSW Ministry of Health. SHPN (HP NSW) 220729-1-9

## टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीकों की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीके लगाए जाने की तिथि बता दें।

## यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT


## टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीकों की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीके लगाए जाने की तिथि बता दें।

## यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT


220729-2-9

Hindi

# हिपेटाईटिस बी (यकृत शोथ) के टीके लगाने की सहमति

NSW GOVERNMENT

माता-पिता / अभिभावक द्वारा भरा जाए। कृपया **काले** अथवा **नीले** पेन से **अंग्रेजी के बड़े अक्षरों** में भरें।

### 1. विद्यार्थी की जानकारी

कुलनाम

व्यक्तिगत नाम

जन्म तिथि __ / __ / 2 0 __ __

लिंग ☐ पुरुष ☐ स्त्री ☐ अनिश्चित/इंटरसेक्स/बताया नहीं

ग्रेड

विद्यालय का नाम

मेडिकेयर नंबर

☐ मेडिकेयर कार्ड पर आपके बच्चे के नाम के आगे लिखा हुआ नंबर

### 2. मूल निवासी होने की हैसियत

☐ नहीं ☐ हाँ, एबोरिजिनल (आदिवासी) ☐ हाँ, टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर ☐ हाँ, एबोरिजिनल तथा टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर, दोनों

### 3. आपका विवरण – माता-पिता या कानूनी अभिभावक

मैंने हिपेटाईटिस बी के टीके के लाभों और संभावित दुष्प्रभावों के बारे में दी गई जानकारी पढ़ और समझ ली है।

मैं एतदद्वारा अपने उपरोक्त नामित बच्चे को हिपेटाईटिस बी के टीके की दो 2 ख़ुराकों का एक कोर्स दिए जाने की सहमति देता/देती हूँ।

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मुझे जो जानकारी ज्ञात है, उसके आधार पर मेरे बच्चे को:

1. टीका लगवाने पर कभी तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया नहीं हुई।
2. संलग्न पेरेंट इन्फोर्मेशन शीट (माता-पिता के लिए जानकारी पत्र) में दिए गए टीके के अवयवों के प्रति तीव्रग्राहिता संवेदनशीलता नहीं है।
3. वह गर्भवती नहीं है।

माता-पिता/अभिभावक का नाम (जैसे कि JOHN SMITH)

घर का पता (जैसे कि 5 SMITH LANE)

सबर्ब (शहर)

पोस्टकोड

मोबाइल फ़ोन नंबर

संपर्क के लिए दूसरा नंबर (एरिया कोड भी लिखें, जैसे कि 02)

माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर

✕

तिथि __ / __ / 2 0 __ __

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट
फ़ॉर्म (सहमति पत्र) भरें

# हिपेटाईटिस बी के टीकों का रिकॉर्ड

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

## कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

पहली ख़ुराक

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

दूसरी ख़ुराक

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

**परिचारिका की टिप्पणियाँ**

टीका न लगाए जाने का कारण

- ☐ अनुपस्थित
- ☐ अस्वीकार करना
- ☐ बीमार
- ☐ हस्ताक्षर न होना
- ☐ स्वीकृति वापस लेना
- ☐ अन्य

# माता-पिता/अभिभावक के लिए हिपेटाईटिस बी के टीकों का रिकॉर्ड

## हिपेटाईटिस बी के टीकों का रिकॉर्ड — पहली ख़ुराक

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

### कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

## हिपेटाईटिस बी के टीकों का रिकॉर्ड — दूसरी ख़ुराक

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

### कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ / 2 0 __ __

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) भरें।

# मीज़ल्स, (शीतला रोग), मम्पस (कनपेड़ा) और रुबैला (खसरा) (एम एम आर) का टीका

Measles, mumps and rubella (MMR) vaccine

एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य), नेशनल हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च कौंसिल (राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय शोध परिषद्) द्वारा युवाओं के लिए संस्तुत किए गए टीके विद्यालय से जुड़े टीके लगाने के एक कार्यक्रम के द्वारा प्रदान करती है। माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसकी सहमति देने के लिए हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

### आपको ये कदम उठाने होंगे

- कृपया इस जानकारी-पत्र को ध्यान से पढ़ें।
- यदि आप अपने बच्चे को मीज़ल्स, मम्पस और रुबैला का टीका लगवाना चाहते हैं तो कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) में जानकारी भरें और हस्ताक्षर करके कंसेंट फ़ॉर्म अपने बच्चे को विद्यालय को वापस करने के लिए दे दें।
- यदि आप अपने बच्चे को मीज़ल्स, मम्पस और रुबैला का टीका **नहीं** लगवाना चाहते तो कंसेंट फ़ॉर्म को **न** भरें और **न** ही उसे वापस भेजें।

## प्रश्न: मीज़ल्स, (शीतला रोग), मम्पस (कनपेड़ा) और रुबैला (खसरा) क्या बीमारियाँ हैं?

**मीज़ल्स** एक अत्यधिक संक्रामक विषाणु है जिससे ज्वर, खाँसी और पित्तिकाएँ हो जाती हैं। अधिकतर होने वाली जटिल समस्याओं में शामिल हैं निमोनिया, दस्त लगना और कान के मध्य भाग में संक्रमण। लगभग 1,000 बच्चों में से 1 बच्चे को मस्तिष्क में सूजन हो जाती है और इनमें से 10-15% की मृत्यु हो जाएगी और अनेक का मस्तिष्क सदा के लिए क्षतिग्रस्त हो जाएगा।

**मम्पस** एक संक्रामक बीमारी है जिसमें गर्दन की ग्रंथियाँ सूज जाती हैं और ज्वर होता है। संक्रमित लोगों में से लगभग 10% को मस्तिष्क और मेरु-रज्जु के आस-पास की झिल्ली में सूजन (मैनिंजाइटिस से संबंधित लक्षण) हो जाती है जबकि 15-30% नरों में कुमारावस्था के बाद वृषण में सूजन (ऑर्चिटिस) हो जाती है। गर्भावस्था की पहली तिमाही में मम्पस के संक्रमण से तुरंत गर्भपात भी हो सकता है।

**रुबैला** (जर्मन खसरा) विषाणु से फैलने वाली एक संक्रामक बीमारी है जिसमें पित्तिकाएँ, ज्वर और ग्रंथियों में सूजन हो जाती है। संक्रमित गर्भवती महिलाओं में यह शिशु में गंभीर विकृतियाँ उत्पन्न कर देती है। गर्भ की पहली तिमाही में संक्रमित होने वाले 90% तक शिशुओं को कोई बड़ी जन्मजात विषमता हो सकती है जिनमें बौद्धिक विकलांगता, बहरापन, अंधापन, हृदय में ख़राबी शामिल हैं।

## प्रश्न: मीजल्स, मम्पस और रुबैला कैसे फैलते हैं?

ये विषाणु खाँसने और छींकने से फैलते हैं। मानवीय संक्रमणों में मीज़ल्स सबसे आसानी से फैलने वाले संक्रमणों में से एक है। मीज़ल्स से पीड़ित किसी व्यक्ति के साथ एक ही कमरे में होने से भी यह संक्रमण हो सकता है।

## प्रश्न: टीकों की दवाएँ किस तरह काम करती हैं?

टीकों की दवाएँ शरीर के प्रतिरक्षण तंत्र को कुछ तरह के संक्रमणों से लड़ने के लिए प्रेरित करने का काम करती हैं। यदि प्रतिरक्षित व्यक्ति का इन संक्रमणों से संपर्क होता है तो उसका प्रतिरक्षण तंत्र अधिक प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया करता है जिससे बीमारी नहीं होती या उसकी तीक्ष्णता बहुत कम हो जाती है।

## प्रश्न: टीके की दवा कितनी प्रभावशाली है?

एम एम आर का टीका मीज़ल्स, मम्प्स और रुबैला के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने में अत्यधिक प्रभावशाली है।

## प्रश्न: टीका किसे लगाया जाना चाहिए?

मीज़ल्स, मम्पस और रुबैला से किशोरों को पूर्ण प्रतिरक्षण देने के लिए मीज़ल्स-मम्पस-रुबैला (एम एम आर) के टीके की दो ख़ुराकें देने की संस्तुति है, सिवाय उनके, जिन्हें दवा की दो ख़ुराकें पहले ही दी जा चुकी हैं।

## प्रश्न: टीका किसे नहीं लगाया जाना चाहिए?

एम एम आर का टीका उन लोगों को नहीं लगाया जाना चाहिए:

- जिन्हें पहले एम एम आर का टीका लगाने से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हुई हो
- जिन्हें टीके की दवा के किसी अवयव/ घटक से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हुई हो (इनकी जानकारी पीछे के पृष्ठ पर दी गई है)
- जो गर्भवती हों (टीका लगवाने के बाद 28 दिन तक गर्भ धारण करने से बचना चाहिए)
- जिन्होंने पिछले 4 सप्ताहों के दौरान कोई सजीव टीका लगवाया है (जैसे वैरिसैला (चिकनपॉक्स), बी सी जी (टी बी) अथवा यैलो फीवर (पीत ज्वर))
- जिन व्यक्तियों को पिछले एक वर्ष में रक्ताधान/ इम्युनोग्लोबुलिन का टीका दिया गया हो
- जिनका प्रतिरक्षण तंत्र कमज़ोर हो, जैसे:
  - (i) जिन लोगों को एच आई वी/ एड्स हो
  - (ii) जो लोग खाने वाली कॉर्टिकोस्टिरॉयड्स की ख़ुराक भारी मात्रा में ले रहे हों
  - (iii) जो लोग भारी मात्रा में सिस्टैमिक इम्यूनोसप्रैसिव ट्रीटमेंट (प्रतिरक्षण तंत्र को नियंत्रित करने का नियमित उपचार), सामान्य विकिरण या एक्स-रे से इलाज करवा रहे हों
  - (iv) जो लोग रैटिकुलोएंडोथीलियल सिस्टम (प्रतिरक्षण तंत्र का एक भाग) के कैंसर से पीड़ित हैं, इनमें लिम्फोमा, ल्यूकेमिया और हॉजकिन्स रोग शामिल हैं।

## प्रश्न: एम एम आर के टीके की दवा में क्या-क्या मिला हुआ होता है?

एम एम आर के टीके की दवा में लेक्टोज़, निओमाईसिन, सोर्बिटोल और मेनिटोल मिले हुए हैं। ये एड्डीटिव दवा को अपना काम करने में सहायता देने या परिरक्षक के रूप में बहुत कम मात्रा में दवा में मिलाए जाते हैं।

## प्रश्न: टीके की दवा कितनी सुरक्षित है?

ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल की जाने वाली टीकों की दवाएँ सुरक्षित हैं और इस्तेमाल के लिए अनुमोदित किए जाने से पहले उन्हें दि थिरैपियूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन (रोगहर वस्तुओं के व्यवस्थापक – टी जी ए) के कठोर सुरक्षा परीक्षणों पर खरा उतरना पड़ता है। इसके अलावा जब दवाएँ इस्तेमाल होने लगती हैं तो टी जी ए उनकी सुरक्षा पर नज़र रखता है।

## प्रश्न: एम एम आर दवा के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

एम एम आर की दवा सुरक्षित, कारगर, और आम तौर पर सहनीय है। एम एम आर की दवा के दुष्प्रभाव साधारणतया हल्के होते हैं और इससे बेचैनी, ज्वर तथा/अथवा पित्तियाँ हो सकते हैं (जो कि संक्रामक नहीं हैं और टीका लगवाने के 5-12 दिन बाद हो सकते हैं)। गंभीर दुष्प्रभाव, इनमें तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया (नीचे दी गई जानकारी देखें), ट्रांजिएंट लिम्फेडिनोपैथी (लसीका वाहिनी घुंडियों की थोड़े समय के लिए सूजन) आर्थ्रेल्जिया (जोड़ों का दर्द) और थ्रोम्बोसाइटोपेनिया (खरोंच और रक्त बहने की अधिक संभावता) शामिल हैं, बहुत विरले ही देखने में आते हैं। टीके की दवा के दुष्प्रभावों के बारे में और अधिक जानकारी www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर कंज़्यूमर मेडिसिन इनफ़ॉर्मेशन (उपभोक्ताओं के लिए चिकित्सीय दवाओं से संबंधित जानकारी - सी एम आई) के अंतर्गत उपलब्ध है। यदि टीका लगाने के बाद माता-पिता को इन दुष्प्रभावों के कारण कोई चिंता है तो उन्हें अपने जी पी (सामान्य चिकित्सक) से संपर्क करना चाहिए जो पब्लिक हेल्थ (सार्वजनिक स्वास्थ्य) यूनिट को भी इसकी रिपोर्ट भेजेगा।

## प्रश्न: एनाफिलेक्सिस (तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया) क्या है?

एनाफिलेक्सिस एलर्जी (प्रत्यूर्जता) की एक तीव्र प्रतिक्रिया है जिसका इलाज़ न किये जाने पर बेहोशी या मृत्यु हो सकती है। **टीका लगाने पर ऐसा *विरले* ही होता है।** विद्यालयों में टीका लगाने वाली नर्सें (परिचारिकाएँ) एनाफिलेक्सिस का उपचार करने में पूर्णतया प्रशिक्षित होती हैं।

## प्रश्न: क्या उस छात्रा को टीका लगाया जाना चाहिए जो गर्भवती है या जिसे गर्भवती होने की आशंका है?

जी नहीं। कोई भी छात्रा जो गर्भवती है, या जिसे गर्भवती होने की आशंका है, उसे टीका नहीं लगाया जाना चाहिए। टीका लगाए जाने के दिन टीका लगाने वाली नर्स छात्राओं से पूछेगी कि क्या वे गर्भवती हैं, या उन्हें गर्भवती होने की आशंका है। यदि कोई छात्रा इसका जवाब हाँ में देती है तो उसे टीका नहीं लगाया जाएगा। उस छात्रा से यह आग्रह किया जाएगा कि वह अपने माता-पिता/अभिभावक से इसके बारे में शीघ्र चर्चा करे, और चिकित्सीय सहायता प्राप्त करे। उसे एक ऐसी स्वास्थ्य संदर्भ सेवा के संपर्क की जानकारी दी जाएगी जो उसे सलाह और सहायता देगी और उसका मार्गदर्शन करेगी।

**जिन छात्राओं को एम एम आर का टीका लगाया गया है, उन्हें टीका लगवाने के बाद 28 दिन तक गर्भ धारण नहीं करना चाहिए।**

## प्रश्न: यदि मेरे बच्चे को दमा है और उसे एक “पफ्फर” के द्वारा कोर्टीसोन या प्रैदनीसोन लेनी होती है तो?

यदि किसी व्यक्ति को दमा है तो चाहे वह दोनों में से कोई भी दवा ले रहा हो, उसे एम एम आर का टीका लगाना सुरक्षित होगा।

## प्रश्न: टीका लगाने के लिए सहमति कौन दे सकता है और क्या सहमति वापस ली जा सकती है?

18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को टीका लगाने की सहमति केवल उनके माता-पिता/अभिभावक दे सकते हैं। 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विद्यार्थी स्वयं को टीका लगाने की सहमति दे सकते हैं और उन्हें कंसेंट (सहमति का) फ़ॉर्म भर कर जहाँ ‘पैरेंट/गार्डियन’ लिखा है, वहाँ हस्ताक्षर करने होंगे। सहमति कभी भी वापस ली जा सकती है। इसके लिए विद्यालय को सहमति वापस लेने की लिखित सूचना दें या विद्यालय को टेलीफ़ोन करें।

## प्रश्न: मुझे टीका लगाए जाने का रिकॉर्ड किस तरह से मिल सकता है?

आपके बच्चे को लगाए गए टीकों की जानकारी ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे के टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके।

माता-पिता अपने बच्चे की ए आई आर इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने का अनुरोध, बच्चे के 14 वर्ष की आयु का होने से पहले, कभी भी कर सकते हैं, और 14 वर्ष या इससे अधिक आयु के छात्र अपनी इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं:

- myGov पर अपने मेडीकेयर ऑनलाइन अकाउंट द्वारा, my.gov.au/ पर जाकर
- मेडीकेयर एक्सप्रेस प्लस एप के द्वारा www.humanservices.gov.au/individuals/subjects/express-plus-mobile-apps पर
- ए आई आर की जनरल इन्क्वायरी लाइन 1800 653 809 पर फ़ोन करके।

## प्रश्न: जिस दिन नर्सें विद्यालय में आईं, मेरा बच्चा बीमार या अनुपस्थित था, इसलिए उसे टीका नहीं लगा, तो अब मुझे क्या करना चाहिए?

आपको अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करना होगा और अपने बच्चे को टीका लगवाने का प्रबंध करना होगा।

## प्रश्न: मेरे बच्चे के बारे में जो जानकारी है, उसका क्या होगा?

टीके के कंसेंट (सहमति के) फ़ॉर्म पर आप जो जानकारी देते हैं, उस पर न्यू साउथ वेल्स और कॉमनवेल्थ के गोपनीयता के कानूनों के अंतर्गत सख्त संरक्षण लागू होते हैं (गोपनता के बारे में संलग्न बयान – प्राइवेसी स्टेटमेंट – देखें)। यह जानकारी एन एस डब्ल्यू हेल्थ के एक इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर में दर्ज की जाएगी और फिर ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे की टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके और उसे MyGov पर देखा जा सके।

## विद्यालय में टीके लगाए जाने के बारे में अधिक जानकारी मुझे कहाँ से मिल सकती है?

अधिक जानकारी उपलब्ध है :

- एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य) की वेबसाइट www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर जाकर
- आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट (सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई) से 1300 066 055 पर संपर्क करके

September 2022 © NSW Ministry of Health. SHPN (HP NSW) 220731-1-9

## टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीकों की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीके लगाए जाने की तिथि बता दें।

## यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT

## टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीकों की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीके लगाए जाने की तिथि बता दें।

## यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT

220731-2-9

Hindi

# मीज़ल्स (शीतला रोग), मम्पस (कनपेड़ा) और रुबैला (खसरा) (एम एम आर) के टीके लगाने की सहमति

NSW GOVERNMENT

माता-पिता / अभिभावक द्वारा भरा जाए। कृपया **काले** अथवा **नीले** पेन से **अंग्रेजी के बड़े अक्षरों** में भरें।

### 1. विद्यार्थी की जानकारी

कुलनाम

व्यक्तिगत नाम

जन्म तिथि   /   / 2 0

लिंग   पुरुष   स्त्री   अनिश्चित/इंटरसेक्स/बताया नहीं

ग्रेड

विद्यालय का नाम

मेडिकेयर नंबर

मेडिकेयर कार्ड पर आपके बच्चे के नाम के आगे लिखा हुआ नंबर

### 2. मूल निवासी होने की हैसियत

नहीं   हाँ, एबोरिजिनल (आदिवासी)   हाँ, टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर   हाँ, एबोरिजिनल तथा टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर, दोनों

### 3. आपका विवरण – माता-पिता या कानूनी अभिभावक

मैंने मीज़ल्स, मम्पस और रुबैला (एम एम आर) के टीके के लाभों और संभावित दुष्प्रभावों के बारे में दी गई जानकारी पढ़ और समझ ली है।

मैं एततद्वारा अपने उपरोक्त नामित बच्चे को मीज़ल्स, मम्पस और रुबैला (एम एम आर) के टीके की दो ख़ुराकें दिए जाने की सहमति देता/देती हूँ।

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मुझे जो जानकारी ज्ञात है, उसके आधार पर मेरे बच्चे को:

1. टीका लगवाने पर कभी तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया नहीं हुई।
2. संलग्न पेरेंट इन्फोर्मेशन शीट (माता-पिता के लिए जानकारी पत्र) में दिए गए टीके के अवयवों के प्रति तीव्रग्राहिता संवेदनशीलता नहीं है।
3. वह गर्भवती नहीं है।

माता-पिता/अभिभावक का नाम (जैसे कि JOHN SMITH)

घर का पता (जैसे कि 5 SMITH LANE)

सबर्ब (शहर)   पोस्टकोड

मोबाइल फ़ोन नंबर

संपर्क के लिए दूसरा नंबर (एरिया कोड भी लिखें, जैसे कि 02)

माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर   ✕

तिथि   /   / 2 0

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति फ़ॉर्म) भरें

## एम एम आर के टीकों का रिकॉर्ड

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

पहली ख़ुराक

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे)

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ 2 0 __ __

दूसरी ख़ुराक

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे)

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ __ __ __ __

**परिचारिका की टिप्पणियाँ**

टीका न लगाए जाने का कारण

- ☐ अनुपस्थित
- ☐ अस्वीकार करना
- ☐ बीमार
- ☐ हस्ताक्षर न होना
- ☐ स्वीकृति वापस लेना
- ☐ अन्य

## माता-पिता/अभिभावक के लिए

मीज़ल्स, मम्पस और रुबैला (एम एम आर) के टीकों का रिकॉर्ड

### एम एम आर के टीकों का रिकॉर्ड — पहली ख़ुराक

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ 2 0 __ __

### एम एम आर के टीकों का रिकॉर्ड — दूसरी ख़ुराक

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** ☐ बाँई ☐ दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे) __ __ : __ __

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर ×

तिथि __ __ / __ __ 2 0 __ __

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) भरें।

# पोलियो का टीका

Polio vaccine

एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य), नेशनल हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च कौंसिल (राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय शोध परिषद्) द्वारा युवाओं के लिए संस्तुत किए गए टीके विद्यालय से जुड़े टीके लगाने के एक कार्यक्रम के द्वारा प्रदान करती है। माता-पिता/अभिभावक द्वारा इसकी सहमति देने के लिए हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

### आपको ये कदम उठाने होंगे

- कृपया इस जानकारी-पत्र को ध्यान से पढ़ें।
- यदि आप अपने बच्चे को पोलियो का टीका लगवाना चाहते हैं तो कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) में जानकारी भरें और हस्ताक्षर करके कंसेंट फ़ॉर्म अपने बच्चे को विद्यालय को वापस करने के लिए दे दें।
- यदि आप अपने बच्चे को पोलियो का टीका **नहीं** लगवाना चाहते तो कंसेंट फ़ॉर्म को **न** भरें और **न** ही उसे वापस भेजें।

### प्रश्न: पोलियो (पोलियोमयेलिटिस) क्या है?

पोलियो वायरस से फैलने वाला एक संक्रमण है जो पोलियोवायरस से होता है और इससे पैरालिसिस (पक्षाघात) और मृत्यु हो सकते हैं। पोलियो से संक्रमित अधिकांश लोगों में इसके कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। संक्रमित लोगों में से लगभग 10% को बुख़ार, सिरदर्द, सुस्ती, जी-मिचलाना और उल्टी आने की हल्की बीमारी होती है। हालाँकि अधिकांश लोग बीमारी के बाद बिल्कुल ठीक हो जाते हैं, लगभग 2% लोगों के दिमाग़ के भीतरी आवरण में सूजन के कारण उन्हें मांसपेशियों में तीव्र दर्द के साथ कमर या गर्दन में जकड़न महसूस होती है। संक्रमित लोगों में से 1% से भी कम लोगों को बहुत कमज़ोरी हो जाती है जिसे एक्यूट फ्लैसिड पैरालिसिस (मांसपेशियों में गहन शिथिलता वाला पक्षाघात) कहते हैं और इससे हाथ-पैरों, सिर और गर्दन की मांसपेशियों या साँस लेने में इस्तेमाल होने वाली मांसपेशियों पर असर हो सकता है।

### प्रश्न: पोलियो कैसे फैलता है?

पोलियो संक्रमित व्यक्ति से नज़दीकी संपर्क से फैलता है, उस संक्रमित व्यक्ति के ज़रा से भी मल से (जैसे कि अनधुले हाथों पर) या लार से संपर्क होने पर। पोलियो का वायरस नाक या मुँह द्वारा शरीर में प्रवेश करता है और आहार नलिका से संक्रमण आरंभ होता है। उसके बाद यह रक्त प्रवाह में जा कर तंत्रिका तंत्र सहित शरीर के अन्य अंगों में पहुँच जाता है। संक्रमित व्यक्ति रोग के लक्षण प्रकट होने के 10 दिन पहले से 10 दिन बाद तक संक्रमण फैला सकता है।

### प्रश्न: टीकों की दवाएँ किस तरह काम करती हैं?

टीकों की दवाएँ शरीर के प्रतिरक्षण तंत्र को कुछ तरह के संक्रमणों से लड़ने के लिए प्रेरित करने का काम करती हैं। यदि प्रतिरक्षित व्यक्ति का इन संक्रमणों से संपर्क होता है तो उसका प्रतिरक्षण तंत्र अधिक प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया करता है जिससे बीमारी नहीं होती या उसकी तीक्ष्णता बहुत कम हो जाती है।

### प्रश्न: पोलियो के टीके की दवा कितनी प्रभावशाली है?

पोलियो की दवा की 3 ख़ुराकों का प्राथमिक कोर्स बीमारी के प्रति कम से कम 99% प्रभावशाली है।

### प्रश्न: टीका किसे लगाया जाना चाहिए?

जिन विद्यार्थियों को पोलियो की दवा का प्राथमिक कोर्स (दवा की 3 ख़ुराकें, कम से कम 4 सप्ताह के अंतराल पर) नहीं दिया गया है, उन्हें टीके लगवाने चाहिएँ। क्योंकि अधिकांश विद्यार्थियों को पोलियो की दवा का कम से कम एक टीका लग चुका होगा, सभी इंटेंसिव इंग्लिश सेंटरों द्वारा उन्हें 2 ख़ुराकें और उपलब्ध करवाई जाएँगी और माता-पिता को यह सलाह दी जाएगी कि तीसरी ख़ुराक की आवश्यकता होने पर वे अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।

### प्रश्न: टीका किसे नहीं लगाया जाना चाहिए?

पोलियो का टीका उन लोगों को नहीं लगाया जाना चाहिए:

- जिन्हें पहले इस टीके की दवा देने से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हो चुकी हो
- जिन्हें पहले इस टीके की दवा के किसी अवयव से तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया हो चुकी हो (इनकी जानकारी अगले पृष्ठ पर दी गई है)

### प्रश्न: एनाफिलेक्सिस (तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया) क्या है?

एनाफिलेक्सिस एलर्जी (प्रत्यूर्जता) की एक तीव्र प्रतिक्रिया है जिसका इलाज़ न किये जाने पर बेहोशी या मृत्यु हो सकती है।

**टीका लगाने पर ऐसा *विरले* ही होता है।** विद्यालयों में टीका लगाने वाली नर्सें (परिचारिकाएँ) एनाफिलेक्सिस का उपचार करने में पूर्णतया प्रशिक्षित होती हैं।

### प्रश्न: यदि मेरे पास अपने बच्चे को पोलियो का टीका लगवाने का कोई रिकॉर्ड नहीं है या मुझे यह याद नहीं कि उसे टीका लगा था या नहीं तो मुझे क्या करना चाहिए?

यदि पहले पोलियो का टीका लगवाए जाने का कोई सबूत उपलब्ध नहीं है तो बच्चों और वयस्कों को पोलियो के टीके लगवाना सुरक्षित होगा।

## प्रश्न: पोलियो के टीके की दवा में क्या-क्या मिला हुआ होता है?

टीके की दवा में फिनोक्सी-ईथेनोल, फ़ॉर्म-एल्डीहाईड, पोलीसोर्बेट 80 और बहुत ही कम मात्रा में नीओमाईसिन, स्ट्रेप्टोमाईसिन, पोलिमाईक्सिन बी और बोवाईन सीरम एल्ब्यूमिन मिले हुए हैं।

योगात्मक पदार्थ दवा को अपना काम करने में सहायता देने या परिरक्षक के रूप में बहुत कम मात्रा में दवाओं में मिलाए जाते हैं।

टीके की दवा की उत्पादन प्रक्रिया में वह गौ जाति के पशुओं से प्राप्त पदार्थों के संपर्क में आई थी।

## प्रश्न: टीके की दवा कितनी सुरक्षित है?

ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल की जाने वाली टीकों की दवाएँ सुरक्षित हैं और इस्तेमाल के लिए अनुमोदित किए जाने से पहले उन्हें दि थिरैपियूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन (रोगहर वस्तुओं के व्यवस्थापक – टी जी ए) के कठोर सुरक्षा परीक्षणों पर खरा उतरना पड़ता है। इसके अलावा जब दवाएँ इस्तेमाल होने लगती हैं तो टी जी ए उनकी सुरक्षा पर नज़र रखता है।

## प्रश्न: पोलियो के टीके की दवा के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

दुष्प्रभाव साधारणतया हल्के होते हैं और आम तौर पर ये टीका लगाए जाने के स्थान पर लाली, दर्द और सूजन या बुख़ार के रूप में होते हैं। गंभीर दुष्प्रभाव बहुत विरले ही देखने में आते हैं। टीके की दवा के दुष्प्रभावों के बारे में और अधिक जानकारी www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर कंज़्यूमर मेडिसिन इनफ़ॉर्मेशन (उपभोक्ताओं के लिए चिकित्सीय दवाओं से संबंधित जानकारी - सी एम आई) के अंतर्गत उपलब्ध है। यदि टीका लगाने के बाद माता-पिता को इन दुष्प्रभावों के कारण कोई चिंता है तो उन्हें अपने जी पी (सामान्य चिकित्सक) से संपर्क करना चाहिए जो पब्लिक हेल्थ (सार्वजनिक स्वास्थ्य) यूनिट को भी इसकी रिपोर्ट भेजेगा।

## प्रश्न: क्या उस छात्रा को टीका लगाया जाना चाहिए जो गर्भवती है या जिसे गर्भवती होने की आशंका है?

जी नहीं। कोई भी छात्रा जो गर्भवती है, या जिसे गर्भवती होने की आशंका है, उसे टीका नहीं लगाया जाना चाहिए। टीका लगाए जाने के दिन टीका लगाने वाली नर्स छात्राओं से पूछेगी कि क्या वे गर्भवती हैं, या उन्हें गर्भवती होने की आशंका है। यदि कोई छात्रा इसका जवाब हाँ में देती है तो उसे टीका नहीं लगाया जाएगा। उस छात्रा से यह आग्रह किया जाएगा कि वह अपने माता-पिता/अभिभावक से इसके बारे में शीघ्र चर्चा करे, और चिकित्सीय सहायता प्राप्त करे। उसे एक ऐसी स्वास्थ्य संदर्भ सेवा के संपर्क की जानकारी दी जाएगी जो उसे सलाह और सहायता देगी और उसका मार्गदर्शन करेगी।

## प्रश्न: यदि मेरे बच्चे को दमा है और उसे एक "पफ्फर" के द्वारा कोर्टीसोन या प्रेदनीसोन लेनी होती है तो?

यदि किसी व्यक्ति को दमा है तो चाहे वह कोई भी दवा ले रहा हो, उसे पोलियो का टीका लगाना सुरक्षित होगा।

## प्रश्न: टीका लगाने के लिए सहमति कौन दे सकता है और क्या सहमति वापस ली जा सकती है?

18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को टीका लगाने की सहमति केवल उनके माता-पिता/अभिभावक दे सकते हैं। 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के विद्यार्थी स्वयं को टीका लगाने की सहमति दे सकते हैं और उन्हें कंसेंट (सहमति का) फ़ॉर्म भर कर जहाँ 'पैरेंट/गार्डियन' लिखा है, वहाँ हस्ताक्षर करने होंगे। सहमति कभी भी वापस ली जा सकती है। इसके लिए विद्यालय को सहमति वापस लेने की लिखित सूचना दें या विद्यालय को टेलीफ़ोन करें।

## प्रश्न: मुझे टीका लगाए जाने का रिकॉर्ड किस तरह से मिल सकता है?

आपके बच्चे को लगाए गए टीकों की जानकारी ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे के टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके।

माता-पिता अपने बच्चे की ए आई आर इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने का अनुरोध, बच्चे के 14 वर्ष की आयु का होने से पहले, कभी भी कर सकते हैं, और 14 वर्ष या इससे अधिक आयु के छात्र अपनी इम्युनाइज़ेशन हिस्टरी स्टेटमेंट निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं:

- myGov पर अपने मेडीकेयर ऑनलाइन अकाउंट द्वारा, my.gov.au/ पर जाकर
- मेडीकेयर एक्सप्रेस प्लस एप के द्वारा www.humanservices.gov.au/individuals/subjects/express-plus-mobile-apps पर
- ए आई आर की जनरल इन्क्वायरी लाइन 1800 653 809 पर फ़ोन करके।

## प्रश्न: जिस दिन नर्सें विद्यालय में आईं, मेरा बच्चा बीमार या अनुपस्थित था, इसलिए उसे टीका नहीं लगा, तो अब मुझे क्या करना चाहिए?

आपको अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करना होगा और अपने बच्चे को टीका लगवाने का प्रबंध करना होगा।

## प्रश्न: मेरे बच्चे के बारे में जो जानकारी है, उसका क्या होगा?

टीके के कंसेंट (सहमति के) फ़ॉर्म पर आप जो जानकारी देते हैं, उस पर न्यू साउथ वेल्स और कॉमनवेल्थ के गोपनीयता के कानूनों के अंतर्गत सख्त संरक्षण लागू होते हैं (गोपनता के बारे में संलग्न बयान – प्राइवेसी स्टेटमेंट – देखें)। यह जानकारी एन एस डब्ल्यू हेल्थ के एक इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर में दर्ज की जाएगी और फिर ऑस्ट्रेलियन इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड की जाएगी ताकि उसे आपके बच्चे की टीके लगाए जाने की मौजूदा जानकारी से जोड़ा जा सके और उसे MyGov पर देखा जा सके।

## विद्यालय में टीके लगाए जाने के बारे में अधिक जानकारी मुझे कहाँ से मिल सकती है?

अधिक जानकारी उपलब्ध है :

- एन एस डब्ल्यू हेल्थ (न्यू साउथ वेल्स स्वास्थ्य) की वेबसाइट www.health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर जाकर
- आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट (सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई) से 1300 066 055 पर संपर्क करके

September 2022 © NSW Ministry of Health. SHPN (HP NSW) 220732-1-9

## टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीकों की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीके लगाए जाने की तिथि बता दें।

## यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT

## टीका लगाए जाने के बाद क्या करें

- इस दस्तावेज़ को संभाल कर रखें क्योंकि बाद में आपसे इसमें दी गई जानकारी माँगी जा सकती है।
- आपके बच्चे के टीकों की जानकारी अपने आप ऑस्ट्रेलियन इम्यूनाइज़ेशन रजिस्टर (ए आई आर) में अपलोड हो जाएगी। अच्छा होगा यदि आप अपने जी पी को टीके लगाए जाने की तिथि बता दें।

## यदि टीके के स्थान पर कोई प्रतिक्रिया होती है तो क्या करें

- टीके के स्थान पर घाव की कोमलता कम करने के लिए एक ठंडा नम (गीला) कपड़ा रखें।
- दर्द कम करने के लिए पैरासिटामोल लें।
- अधिक पेय पदार्थ लें।

**यदि आपके बच्चे में हुई प्रतिक्रिया को लेकर आपको कोई चिंता है तो कृपया अपने स्थानीय चिकित्सक से संपर्क करें।**

NSW GOVERNMENT

220732-2-9

Hindi

# पोलियो का टीका लगाने की सहमति

NSW GOVERNMENT

माता-पिता / अभिभावक द्वारा भरा जाए। कृपया **काले** अथवा **नीले** पेन से **अंग्रेजी के बड़े अक्षरों** में भरें।

### 1. विद्यार्थी की जानकारी

कुलनाम

व्यक्तिगत नाम

जन्म तिथि __ / __ / 2 0 __ __

लिंग ☐ पुरुष ☐ स्त्री ☐ अनिश्चित/इंटरसेक्स/बताया नहीं

ग्रेड

विद्यालय का नाम

मेडिकेयर नंबर

मेडिकेयर कार्ड पर आपके बच्चे के नाम के आगे लिखा हुआ नंबर

### 2. मूल निवासी होने की हैसियत

☐ नहीं ☐ हाँ, एबोरिजिनल (आदिवासी) ☐ हाँ, टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर ☐ हाँ, एबोरिजिनल तथा टोरिस स्ट्रेट आइलैंडर, दोनों

### 3. आपका विवरण – माता-पिता या कानूनी अभिभावक

मैंने पोलियो के टीके के लाभों और संभावित दुष्परिणामों के बारे में दी गई जानकारी पढ़ और समझ ली है।

मैं एततद्वारा अपने उपरोक्त नामित बच्चे को पोलियो के टीके की 2 ख़ुराकों का एक कोर्स दिए जाने की सहमति देता/देती हूँ।

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मुझे जो जानकारी ज्ञात है, उसके आधार पर मेरे बच्चे को:

1. टीका लगवाने पर कभी तीव्रग्राहिता प्रतिक्रिया नहीं हुई।
2. संलग्न पेरेंट इन्फोर्मेशन शीट (माता-पिता के लिए जानकारी पत्र) में दिए गए टीके के अवयवों के प्रति तीव्रग्राहिता संवेदनशीलता नहीं है।
3. वह गर्भवती नहीं है।

माता-पिता/अभिभावक का नाम (जैसे कि JOHN SMITH)

घर का पता (जैसे कि 5 SMITH LANE)

सबर्ब (शहर)

पोस्टकोड

मोबाइल फ़ोन नंबर

संपर्क के लिए दूसरा नंबर (एरिया कोड भी लिखें,जैसे कि 02)

माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर

✕

तिथि __ / __ / 2 0 __ __

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट फ़ार्म (सहमति फ़ार्म) भरें

# पोलियो के टीके का रिकॉर्ड

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

## कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

पहली ख़ुराक

**बाज़ू** बाँई दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे)

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर

×

तिथि

/ 2 0

दूसरी ख़ुराक

**बाज़ू** बाँई दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे)

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर

×

तिथि

/ 2 0

### परिचारिका की टिप्पणियाँ

टीका न लगाए जाने का कारण

- ☐ अनुपस्थित
- ☐ अस्वीकार करना
- ☐ बीमार
- ☐ हस्ताक्षर न होना
- ☐ स्वीकृति वापस लेना
- ☐ अन्य

# **माता-पिता/अभिभावक के लिए** पोलियो के टीके का रिकॉर्ड

## पोलियो के टीके का रिकॉर्ड

पहली ख़ुराक

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

### कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** बाँई दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे)

:

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर

×

तिथि

/ 2 0

## पोलियो के टीके का रिकॉर्ड

दूसरी ख़ुराक

✍ माता-पिता/अभिभावक द्वारा भरा जाए

**विद्यार्थी का नाम** (जैसे कि JANE SMITH)

### कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

**बाज़ू** बाँई दाहिनी

टीका लगाने का समय (24 घंटे)

:

टीके की दवा का बैच नंबर

परिचारिका के हस्ताक्षर

×

तिथि

/ 2 0

केवल नमूने के लिए
कृपया अंग्रेज़ी भाषा का कंसेंट फ़ॉर्म (सहमति का फ़ॉर्म) भरें।

# गोपनता का बयान

## हमारे दायित्व

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी की संभाल गोपनता के कानून के अनुसार करेंगे।

इस स्टेटमेंट (कथन) में बताया गया है कि हम आपके और आपके बच्चे के बारे में व्यक्तिगत जानकारी क्यों एकत्र करते हैं, आप अपनी जानकारी को कैसे देख सकते हैं, एन एस डब्ल्यू पब्लिक हेल्थ सर्विस में आपकी जानकारी का इस्तेमाल किस तरह से होता है और इसे अन्य लोगों को कब दिया जा सकता है। आपकी व्यक्तिगत जानकारी में आपकी और आपके बच्चे की व्यक्तिगत जानकारी और आपके बच्चे की प्रतिरक्षण संबंधी व्यक्तिगत स्वास्थ्य जानकारी शामिल है।

## जानकारी एकत्र करना

व्यक्तिगत जानकारी इसलिए एकत्र की जाती है कि आपके बच्चे को उपयुक्त प्रतिरक्षण सेवाएँ प्रदान की जा सकें।

केवल वही जानकारी एकत्रित की जाती है जो आपके बच्चे के प्रतिरक्षण के लिए और प्रतिरक्षण सेवाओं के प्रबंधन के लिए सुसंगत और आवश्यक है।

जहाँ तक संभव है, जानकारी सीधे आपसे और आपके बच्चे से ली जाती है। आपके बच्चे के विद्यालय और जिन अन्य स्वास्थ्य व्यवसायियों ने उसका उपचार किया है, उनसे जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता हो सकती है।

## एकत्र की गई जानकारी की सुरक्षा

व्यक्तिगत जानकारी कई रूपों में रखी जा सकती है। अधिकांश मामलों में जानकारी कागज़ी चिकित्सीय रिकार्डों (अभिलेखों) में और/अथवा किसी सुरक्षित कंप्यूटरी डाटाबेस के हिस्से के रूप में इलैक्ट्रोनिक चिकित्सीय रिकॉर्ड में रखी जा सकती है। हम व्यक्तिगत जानकारी के हर रूप में सुरक्षित भण्डारण के लिए सख्त नियमों और नीतियों का पालन करते हैं ताकि आपकी जानकारी गुम न हो, उसका अनुचित अभिगम या इस्तेमाल न हो।

## जानकारी का इस्तेमाल और प्रकटन

एन एस डब्ल्यू पब्लिक हेल्थ सर्विस द्वारा आपकी या आपके बच्चे की व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल या इस सेवा के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को यह जानकारी सिर्फ़ इसलिए दी जाएगी कि आपकी या आपके बच्चे की सही देख-रेख और उपचार हो सके। उदाहरण के लिए, आपकी जानकारी का इस्तेमाल या प्रकटन आपके जी पी को, आपके बच्चे के जी पी को, किसी अन्य स्वास्थ्य सेवा या अस्पताल को जो उपचार कर रहे हैं, दि एम्बुलेंस सर्विस ऑफ़ एन एस डब्ल्यू, किसी स्वास्थ्य विशेषज्ञ को संदर्भ के रूप में या लेबोरेटरी में टेस्ट करवाने के लिए किया जा सकता है। व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल या प्रकटन एन एस डब्ल्यू हेल्थ सर्विस के काम-काज और हमारे रोगियों के उपचार, धन जुटाने, योजनाएँ बनाने, सुरक्षा और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए भी किया जा सकता है।

सूचित की जाने वाली बीमारियों की रिपोर्टिंग, मेडिकेयर की जानकारी और टीके लगाए जाने के आँकड़ों से संबंधित कानूनों का पालन करने के लिए व्यक्तिगत जानकारी का राज्य और कॉमनवेल्थ सरकार की एजेंसियों को दिया जाना अनिवार्य है।

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल क्लाइंट सेटिस्फेक्शन सर्वे (ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण) और टीके की दवा के सुरक्षित होने पर नज़र रखने के लिए आपसे संपर्क करने के लिए भी कर सकते हैं। इन सर्वेक्षणों में भाग लेना ऐच्छिक है और इनमें भाग लेने या न लेने से आपको प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य देख-भाल पर कोई असर नहीं पड़ता।

## अपनी जानकारी को प्राप्त करना

हमारे पास आप और आपके बच्चे से संबंधित जो व्यक्तिगत जानकारी है, आपको उसे प्राप्त करने का आग्रह करने का अधिकार है। यदि आप अपनी व्यक्तिगत जानकारी अथवा चिकित्सीय रिकॉर्ड की प्रतिलिपि चाहते हैं तो आपसे इसके लिए कुछ शुल्क लिया जा सकता है।

## अधिक जानकारी और हमसे संपर्क करना

आपकी व्यक्तिगत जानकारी की संभाल किस तरह की जाती है, इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए दि एन एस डब्ल्यू हेल्थ प्राइवेसी मैनुअल फॉर हेल्थ इनफ़ॉर्मेशन देखें: www.health.nsw.gov.au/patients/privacy

यदि आपकी निजी जानकारी की गोपनता के बारे में आप कोई सवाल पूछना चाहें या शिकायत करना चाहें तो कृपया अपनी स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट (सार्वजनिक  स्वास्थ्य इकाई) से 1300 066 055 पर संपर्क करें।

October 2022 © NSW Health. SHPN (HP NSW) 220726-P-9